
डाक पंजीयनक्र. मालवा डिविजन /404/2025-27 RNI MPHIN/2022/86763



# संघर्ष से सिद्धि

खबरों के साथ, हर नजरिये की बात

Sanghrshsesiddhi@gmail.com



स्व. पूज्य पिता रतनलाल जी माहेश्वरी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी(जेल) रानापुर जिला झाबुआ के चरणों में सादर समर्पित

हिन्दी सांध्य दैनिक | उज्जैन, बुधवार 04 जून 2025 | वर्ष-03 अंक-299 पृष्ठ-08, मूल्य-3: 00

# पचमढ़ी अभयारण्य अब राजा भभूत सिंह पचमढ़ी अभयारण्य के नाम से जाना जाएगा- मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## प्रदेश में इस माह तीन अनुसूचित जनजाति सम्मेलन होंगे

- उज्जैन में हेल्थ एण्ड वेलनेस समिट का आयोजन 5 जून को
- महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन के सफल आयोजन के लिए
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव को मंत्रि-परिषद के सभी सदस्यों ने दी बधाई
- मंत्रि-परिषद की महिला सदस्यों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार व्यक्त किया
- मंत्रिपरिषद की बैठक से पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव का संबोधन



संजय जैन (सह-संपादक)
942510-1357 883910-7012
गिद्ध दृष्टि

**संजय जैन,सह-संपादक। भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पचमढ़ी अभयारण्य को राजा भभूत सिंह पचमढ़ी अभयारण्य के नाम से जाना जाएगा। यह राजा भभूत सिंह के पर्यावरण प्रेम और पचमढ़ी को विदेशी ताकतों से संरक्षित रखने के आजीवन अथक प्रयासों को समर्पित है। अभयारण्य में राजा भभूत सिंह के जीवन, संघर्ष, वीरता और योगदान से संबंधित जानकारी को प्रदर्शित किया जाएगा। यह कदम न केवल स्थानीय गौरव को बढ़ावा देगा बल्कि अभयारण्य की पहचान को भी मजबूत करेगा। यह क्षेत्र के ऐतिहासिक और प्राकृतिक महत्व का प्रतीक बनेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव, पचमढ़ी में राजभवन में मंत्रि-परिषद की बैठक के पहले, मंत्रि-परिषद के सदस्यों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राजा भभूत सिंह का आदिवासी समाज पर बहुत अधिक प्रभाव रहा है। उनकी वीरता के किस्से आज भी लोकमानस की चेतना में जीवंत हैं। राजा भभूत सिंह के योगदान को स्मरण करने के लिए मंत्रि-परिषद की बैठक पचमढ़ी में आयोजित की गई है। यह राजा भभूत सिंह के योगदान को समाज के सामने लाने का एक प्रयास है।

राजा भभूत सिंह का स्मरण करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि राजा भभूत सिंह सन् 1857 में आजादी की लड़ाई में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी तात्या टोपे के मुख्य सहयोगी थे। अपनी छापामार युद्ध नीति के कारण ही भभूत सिंह नर्मदांचल के शिवाजी कहलाते हैं। राजा भभूत सिंह को पकड़ने के लिए ही मद्रास इन्फेंट्री को बुलाना पड़ा था। राजा भभूत सिंह अपनी सेना के साथ 1860 तक लगातार अंग्रेजों से सशस्त्र संघर्ष करते रहे, अंग्रेज पराजित होते रहे। अंग्रेज दो साल के बाद राजा भभूत सिंह को गिरफ्तार कर पाए और अंग्रेजो ने 1860 में उन्हें फांसी दे दी।

राजा भभूतसिंह की वीरता और बलिदान को कोरकू समाज ने लोकगीतों और भजनों के माध्यम से जीवित रखा है। पचमढ़ी क्षेत्र के गाँवों, मंदिरों और लोक संस्कृति में आज भी उनकी गाथाएँ सुनाई जाती हैं। राजा भभूतसिंह न केवल एक योद्धा थे, बल्कि वे जनजातीय चेतना और आत्मसम्मान के प्रतीक बन चुके हैं। राजा भभूतसिंह की वीरगाथा, अंग्रेज अधिकारी एलियट की 1865 की सेटलमेंट रिपोर्ट में भी दर्ज है। राजा भभूतसिंह एक ऐसा नाम हैं, जो केवल कोरकू समाज का नहीं, पूरे भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का गौरव है। उनका जीवन आदिवासी अस्मिता, देशभक्ति, और आध्यात्मिक शक्ति का जीवंत उदाहरण है। राजा भभूत सिंह का जीवन अनुकरणीय है, उनके बलिदान और शौर्य की गाथा को राष्ट्रीय पटल पर लाना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस माह जून में अनुसूचित जनजाति आधारित तीन सम्मेलन आयोजित किए जायेगे। डिण्डौरी के बजाग में 7 जून को बैगा सम्मेलन, बिरसा मुण्डा जन्म दिवस पर शहडोल के ब्यौहारी में 9 जून को कोल सम्मेलन और 18 जून को शिवपुरी के कोलारस में सहारिया सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन-कल्याणकारी कार्यकाल के 11 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे प्रदेश में 9 जून से 21 जून तक कार्यक्रम आयोजित किए जायेगे। इसके साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न श्री अटल बिहारी वायपेयी का जन्म शताब्दी वर्ष भी मनाया जाएगा। श्री वायपेयी का मध्यप्रदेश से गहरा नाता रहा है।

**मुख्यमंत्री को दी बधाई और व्यक्त किया आभार** लोकमाता अहिल्याबाई की 300वीं जन्मशती पर 31 मई को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में 2 लाख महिलाओं के जम्बूरी मैदान, भोपाल में आयोजित महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन के सफल आयोजन के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव को मंत्रि-परिषद के सभी सदस्यों ने बधाई दी। मंत्रि-परिषद की महिला सदस्यों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर प्रदेश की सभी महिलाओं की तरफ से मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार भी व्यक्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि माह मई प्रदेश के लिए विकास की सौगात से भरा हुआ रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने दतिया और सतना में नवीन एयरपोर्ट तथा इन्दौर में मेट्रो का लोकार्पण किया है। साथ ही 1271 अटल ग्राम सुशासन भवन निर्माण के लिए प्रथम किश्त की राशि जारी की। यह विकास के साथ जनकल्याण की ओर प्रदेश के बढ़ते कदम है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने नारी सशक्तिकरण पर म.प्र. सरकार के कार्यों की सराहना की है और लोकमाता अहिल्याबाई के सुशासन को स्मरण करते हुए हमें महिला सशक्तिकरण के लिए सतत प्रयास करने के लिए अपने आर्शीवचनों से उत्प्रेरित किया है। हमें प्रधानमंत्री श्री मोदी से प्रेरणा लेकर और उनके वचनों को सार्थक करने के लिए महिला सशक्तिकरण और जनकल्याण के सतत प्रयासों को और अधिक ऊर्जा के साथ क्रियान्वित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रि-परिषद को बताया कि खण्डवा जिले ने जल संचय करने में कीर्तिमान रचा है। देश में मध्यप्रदेश का मान बढ़ाया है। 卐जल संचय-जन भागीदारी अभियान卐 अंतर्गत 1 अप्रैल 2024 से 31 मई 2025 की अवधि में जल संचयन के आधार पर खंडवा जिला देशभर में पहले नंबर पर है। राज्यों की श्रेणी में पूरे देश में मध्यप्रदेश ने चौथा स्थान प्राप्त किया है। यह पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में जल गंगा संवर्द्धन अभियान 30 अप्रैल से 30 जून तक चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवधि में मंत्रि-परिषद के सभी सदस्यों का अपने अपने क्षेत्र में जन भागीदारी के माध्यम से जल संरक्षण और संचयन के कार्यक्रमों में भागीदारी करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सभी जन प्रतिनिधियों को जल संरक्षण और संचयन के प्रति आमजन को जागरूक करना चाहिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि 5 जून को उज्जैन में हेल्थ एण्ड वेलनेस समिट का आयोजन किया जा रहा है। समिट में योग, आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा, अध्यात्म और मानसिक स्वास्थ्य जैसे आयामों को केन्द्र में रखकर निवेश और सहयोग को प्रोत्साहित किया जाएगा। समिट में प्रमुख आध्यात्मिक संत, आयुष विशेषज्ञ, नीति निर्माता, वेलनेस टूरिज्म ऑपरेटर और राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय निवेशक भाग लेंगें। इस समिट का उद्देश्य मध्यप्रदेश को वैश्विक वेलनेस हब के रूप में स्थापित करना तथा उज्जैन को वेलनेस सेक्टर की प्रमुख केंद्रस्थली के रूप में अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाना है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिर्फ नर्मदा जल पर जीवन यापन करने वाले आध्यात्मिक संत दादा गुरु का स्मरण कर नमन किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक वंदे मातरम के गान के साथ प्रारंभ हुई। बैठक के दौरान मंत्रि-परिषद के सदस्यों को सतपुड़ा अंचल के गौरवशाली अतीत, सभ्यता, समृद्ध संस्कृति और राजा भभूत सिंह पर केंद्रित फिल्म दिखाई गई। लोक निर्माण मंत्री और नर्मदापुरम के प्रभारी मंत्री श्री राकेश सिंह और स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव और मंत्रि-परिषद के सदस्यों का पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और कोरकू समाज का प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। मंत्रि-परिषद की बैठक का समापन राष्ट्रगान जन-गण-मन के गान के साथ हुआ।

# पुलिस आरक्षक रिश्वत लेते हुए लोकायुक्त के हत्थे चढ़ा

**डेस्क जबलपुर**- पुलिस विभाग का आरक्षक रिश्वत लेते हुए लोकायुक्त ने ट्रैप किया। जबलपुर उप पुलिस अधीक्षक सुरेखा परमार ने जानकारी देते हुए बताया कि आवेदन शिवम चौरसिया का अपने मित्र के साथ कंगन गिरवी रखने के बदले में पैसा ना मिलने के विवाद पर एक लिखित शिकायत देने थाना ओमती में गया था थाने में आरक्षक नितेश शुक्ला मिला जिसने उसे बाहर से ही भगा दिया दूसरे दिन फिर गया तब आरक्षक ने सब इंस्पेक्टर शिव गोपाल गुप्ता से मिलवाया दोनों ने कहा कि जब तक 25000 नहीं देंगे तो हम तुम्हारे खिलाफ नकली कंगन बेचने के जुर्म में मुकदमा कायम कर देंगे



और उसकी मोटरसाइकिल रख ली मोटरसाइकिल छोड़ने के एवज में 5000 मांगे तब आवेदक ने आकर लोकायुक्त में शिकायत की तस्दीक उपरांत आज दिनांक 02/06/ 2025 को आरक्षक को 5000 रुपए रिश्वत लेते हुए पकड़ा आरक्षक आरोपी नितेश शुक्ला सन ऑफ़ कमलेश शुक्ला आरक्षक 2263 थाना ओमती जबलपुर दिनांक 02/06/2025 घटनास्थल ओमती चौक जबलपुर 5000 रिश्वत राशि लेते हुए गिरफ्तार किया गया आरोपी आरक्षक नितेश शुक्ला के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधन) 2018 की धारा- 7,13 (1) b, 13(2) के अंतर्गत कार्यवाही की जा रही है उक्त कार्यवाही को प्रभारी उप पुलिस अधीक्षक सुरेखा परमार निरीक्षक शशि मर्सकोले, निरीक्षक कमल सिंह उइके एवं लोकायुक्त जबलपुर दल द्वारा कार्यवाही की गई।

# अवैध मुरम से बना डी-मार्ट सुपर बाजार

## 2.5 करोड से अधिक की पेनाल्टी का मामला पहुचॉ कलेक्टर कोर्ट




**खरगोन ( राजू सोनी - 9977226352 )** जिले में चल रहे निर्माण कार्यों में खनिज को लेकर बड़े स्तर पर रॉयल्टी चोरी का खेल चल रहा है जिस पर खनिज विभाग आंखे मूंद कर बैठा है । खनिज विभाग में सीएम हेल्पलाइन में हुई शिकायत पर खनिज विभाग का अमला सक्रिय हुआ और जांच में करोड़ों रु की रॉयल्टी चोरी का मामला सामने आया है आपको बता दे कि सनावद रोड स्थित डी-मार्ट सुपर बाजार के निर्माण में लाखों क्यूबिक मीटर अवैध मुरम का उपयोग कर निर्माण करने का खुलासा हुआ है, जिसके बाद खनिज विभाग ने भारी भरकम पेनल्टी लगाई है। इस कार्रवाई ने खनन माफियाओं के बीच हड़कंप मचा दिया है शहर के सनावद रोड जैतापुर पर बने डी-मार्ट मार्केट के निर्माण में बड़े पैमाने पर अवैध मुरम का उपयोग किया गया था। खनिज विभाग को इस संबंध में मिली शिकायतों के आधार पर विभाग ने जांच की और पाया कि मार्केट के निर्माण के लिए आवश्यक अनुमति के बिना ही बड़े पैमाने पर अवैध मुरम का उपयोग किया गया था। यह खनिज नियमों का खुला उल्लंघन था। जांच में पुष्टि होने के बाद, खनिज विभाग ने डी-मार्ट मार्केट के संचालक पर भारी पेनल्टी लगाई है। खरगोन में सनावद रोड जैतापुर खसरा नंबर 53.4 पर डी मार्ट सुपर बाजार के निर्माण में अवैध / बिना रॉयल्टी मुरूम के उपयोग पर शिकायत में खनिज निरीक्षक द्वारा जाच में मौके पर निर्माणाधीन डी-मार्ट सुपर बाजार मे मुरूम का भरावा किया जाना पाया गया,डेवलपर्स कंपनी तुलजायी कंस्ट्रक्शन को उक्त निर्माण कार्य मे उपयोग किये गये खनिज मुरूम की रायल्टी मांगी गई समय अवधि में रायल्टी प्रस्तुत नही करने पर जांच अनुसार निर्माण कार्य मे अवैध रूप से 8412.525 घ.मी मुरूम का अवैध रूप से उपयोग पाया गया संबंधित डेवलपर्स कंपनी तुलजायी कंस्ट्रक्शन पर 12618787.5 रुपए राशि का अर्थ दंड प्रस्तावित किया गया है समय अवधि में अर्थ दंड की राशि जमा नही करने पर अर्थदंण्ड की दुगुनी राशि प्रश्मन नही करने से 2,52,37,575/- प्रस्तावित की जाकर प्रकरण आगामी कार्यवाही हेतु माननीय न्यायालय कलेक्टर जिला खरगोन मे प्रस्तुत किया गया है।

**खनन माफियाओं को संदेश -** एक ओर यह उन खनन माफियाओं के लिए एक कड़ा संदेश है जो अवैध रूप से खनिज संपदा का दोहन कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर यह खरगोन जिला प्रशासन और खनिज विभाग की सख्ती को भी दर्शाता है। इस कार्रवाई से यह स्पष्ट हो गया है कि जिले में अवैध खनन को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, भले ही मामला कितना भी बड़ा क्यों न हो। खनिज अधिकारी सावन चौहान ने बताया कि भविष्य में भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी और अवैध खनिज उत्खनन तथा परिवहन में संलिप्त पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति या संस्था के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# आलीराजपुर में बढ़ती चोरी-लूट की वारदातों पर महेश पटेल ने उठाई आवाज, पुलिस प्रशासन पर लगाए गंभीर आरोप



**आशीष वाणी आलीराजपुर** जिले में लगातार बढ़ रही चोरी, लूट, डकैती और मारपीट की घटनाओं को लेकर आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश पटेल ने मंगलवार को प्रेस वार्ता आयोजित कर पुलिस प्रशासन पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार कर चोरी की घटनाओं का खुलासा किया जाए, अन्यथा जनआंदोलन किया जाएगा।प्रेस वार्ता में महेश पटेल ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में आलीराजपुर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कई संगीन घटनाएं घटी हैं, जिनमें पुलिस अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर पाई है। उन्होंने बताया कि आजाद नगर के ग्राम पंचायत बड़ा खुटाजा में हाल ही में एक परिवार के घर और दुकान पर हमला कर भारी तोड़फोड़ की गई, लेकिन पुलिस अब तक आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी नहीं कर सकी है।पटेल ने यह भी बताया कि 30 जनवरी को ग्राम पंचायत रिंगोल में करीब 25 लाख रुपये नकद, 7.5 तोला सोना और 9 किलो चांदी की चोरी हुई थी, लेकिन पुलिस अभी तक किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है।

वहीं, सेमलपाटी में हाल ही में 20 लाख रुपये की चोरी की घटना ने जिला मुख्यालय को भी दहला दिया है।पीड़ितों ने सुनाई आप बीती प्रेस वार्ता में पीड़ित परिवार भी पहुंचे। बड़ा खुटाजा निवासी हीरा खराड़िया ने बताया कि 22 मई को गांव में दो डीजे संचालकों के विवाद को सुलझाने गए उनके परिवार पर ही हमला कर दिया गया। अगले दिन 23 मई को करीब 50-60 हथियारबंद लोग गांव में आए और उनकी दुकान पर हमला कर पूरी तरह से नष्ट कर दिया। दुकान से नकदी, सामान और फ्रीज लूट लिए गए। पीड़ित ने बताया कि हमलावरों ने जान से मारने की धमकियां भी दीं, जिससे पूरा परिवार डरा-सहमा और मानसिक रूप से परेशान है।इसी तरह, ग्राम रिंगोल की कमलाबाई पति नानजी भूरिया ने भी प्रेस वार्ता में कहा कि उनके घर पर दिनांक 31 जनवरी को अज्ञात बदमाशों ने धावा बोलकर लाखों की संपत्ति लूट ली, जिसमें सोने-चांदी के गहनों के अलावा नकद 25 लाख रुपये भी थे। लेकिन पुलिस ने एफआईआर में केवल ढाई लाख रुपये नकद और सीमित मात्रा में गहनों का उल्लेख किया है। पुलिस की कार्रवाई को उन्होंने भ्रामक और पक्षपाती बताया।पुलिस को 7 दिन का अल्टीमेटम महेश पटेल ने चेतावनी दी कि यदि पुलिस अगले 7 दिनों में अपराधियों को गिरफ्तार नहीं करती और चोरी गया माल बरामद नहीं करती, तो आदिवासी विकास परिषद आजाद नगर थाना का घेराव करेगी।

# इंदौर लोकायुक्त इकाई की ट्रैप कार्यवाही

### 4 हजार रुपए रिश्वत लेते पकड़ाई महिला अधिकारी

### समूह की राशि डलवाने के एवज में 6 हजार रिश्वत की मांग थी



**विशाल बाबा नामदेव बाग**- महानिदेशक लोकायुक्त योगेश देशमुख के भ्रष्टाचार के विरूद्ध सख्त कार्यवाही किये जाने के निर्देश पर इंदौर लोकायुक्त इकाई की ट्रेप कार्यवाही आवेदिका सुशीला पति गंगाराम बघेल संचालक-राधाकृष्ण स्व-सहायता समूह निवासी ग्राम भमोरी तहसील कुक्षी जिला धार आरोपी श्रीमती पुष्पा बेनल पति स्व. सखाराम बेनल उम्र 55 पद- पर्यवेक्षक(अतिरिक्त प्रभारी परियोजना अधिकारी) महिला एवं बाल विकास विभाग बाग जिला धार निवासी,कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल के पीछे, कुक्षी-बडवानी रोड, निसरपुर जिला धार ,रिश्वत राशि-4,000/ ? आवेदिका ग्राम भमोरी में राधाकृष्ण स्व-सहायता समहू की अध्यक्ष होकर उसका संचालन करीब छः साल से कर रही है।। राधाकृष्ण स्व-सहायता समहू आंगनवाडी के बच्चों के लिये मध्यान्ह भोजन बनाने एवं वितरीत करने का काम करता है, जिसके लिये शासन द्वारा स्व-सहायता समूह को हर महीने 9,000/- रू. मध्यान्ह भोजन के लिये निर्धारित की गई है। स्व-सहायता समूह को हर महीने मिलने वाली राशि को महिला एवं बाल विकास विभाग बाग द्वारा समूह के खाते में डाली जाती है। आरोपिया द्वाराआवेदिका के समूह के मार्च अप्रेल 2025 की राशि डालने एवं माह मई की राशि डलवाने के एवज में आवेदिका से 6,000/- रू. रिश्वत की मांग की गई।

जिसकी शिकायत आवेदिका द्वारा राजेश सहाय, पुलिस अधीक्षक, विपुस्था, लोकायुक्त कार्यालय इंदौर को की गई। सत्यापन में शिकायत सही पाये जाने पर आज दिनांक 03.06.25 को ट्रेप दल का गठन किया गया और आरोपी पुष्पा बेनल को आवेदिका से 4,000/- रू0 रिश्वत राशि लेते हुये रंगे हाथो पकडा गया।

आरोपिया के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण की धारा 7 के अंतर्गत कार्यवाही जारी है।ट्रैपदल- *कार्यवाहक उपुअ आनंद चौहान, आरक्षक विजय कुमार, आरक्षक अनिल परमार, आरक्षक चेतन सिंह परिहार, आरक्षक कमलेश तिवारी, महिला आरक्षक श्रीमती सोनम चतुर्वेदी एवं चालक शेरसिंह ठाकुर !

# अलीराजपुर पुलिस ने तेज आवाज मे डीजे बजाने वाले 02 वाहनों को पकडकर वाहन चालकों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया



**संजय राठौड़ जिला ब्यूरो** अलीराजपुर- पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास द्वारा बताया गया कि पुलिस थाना कोतवाली, अलीराजपुर क्षेत्र में कस्बा अलीराजपुर के आषाडपुरा होली फलिया में बोलेरो पीकअप क्रमांक MP69G0817 पर पीछे साउण्ड सिस्टम लगे हुये थे जो तेज आवाज मे बज रहा था जिससे आने-जाने वालो व आसपास के रहवासियो को बाधा उत्पन्न हो रही थी । डीजे वाहन चालक नेरलिया पिता मगनिया भिण्डे जाति भीलाला उम्र 35 साल नि. बडदला खाडा फलिया से डीजे बजाने के संबंध मे किसी सक्षम अधिकारी की अनुमति के कागजात मांगे जाने पर डीजे चालक द्वारा कोई कागजात नही होना पाया गया तथा काजु विकास रोड पर वाहन चालक राकेश पिता रेमला बामनिया जाती भील उम्र 30 साल निवासी बेहड़वा गुजरी फलिया द्वारा मेक्स पीकअप क्रमांक GJ06VV7712 में पीछे साउण्ड सिस्टम लगाकर तेज आवाज मे बज रहा था जिससे आने-जाने वालो व आसपास के रहवासियो को बाधा उत्पन्न हो रही थी । वाहन चालक राकेस से डीजे बजाने के संबंध मे किसी सक्षम अधिकारी की अनुमति के कागजात मांगे जाने पर डीजे चालक के पास कोई कागजात नही होना पाया गया । जो कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जिला अलीराजपुर(म.प्र.) के आदेश क्रमांक /का.व्य./2025 /726-727/ अलीराजपुर दिनांक 28.04.2025 का उल्लंघन करना पाया जाने से वाहन चालक नेरलिया व राके का कृत्य धारा 223 बीएनएस व 7/15 कोलाहल अधिनियम का पाया जाने से उक्त दोनों आरोपियों से पृथक-पृथक वाहन जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध पृथक-पृथक अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।

उक्त कार्यवाही में निरीक्षक सोनू सिटोले थाना प्रभारी कोतवाली, सउनि सुकायला सोलंकी, सउनि मुन्नालाल कटारे, सउनि रामकुमार यादव, आर राकेश अलावा, आर भुपेन्द्र, आर मनोज, आर सुरत, आर सेवकराम व आर प्रकाश का सराहनीय योगदान रहा ।

# पुलिस अधीक्षक ने की जनसुनवाई, समस्याओं के त्वरित समाधान के दिए निर्देश



**राजेश नाहर,9479973888 बड़वानी** पुलिस अधीक्षक कार्यालय, में आज जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस अधीक्षक जगदीश डावर (भा.पु.से.) ने आम नागरिकों की समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनीं और उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का समाधान वैधानिक प्रक्रिया के तहत अधिकतम सात दिनों के भीतर किया जाए। साथ ही, उन्होंने पिछली जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।इस अवसर पर शिकायत शाखा प्रभारी निरीक्षक रमेश प्रसाद तिवारी व अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रदेश की प्रशासनिक और राजनैतिक नोक झोंक पर संघर्ष से सिद्धि की विशेष प्रस्तुति..... संजय जैन-सह संपादक की कलम से..

# मलखंबा पगड़ी वाले मोदी, टस से मस नही हुए दिग्विजय सिंह, मेट्रो का श्रेय संकेत भोंडवे के खाते में, परीक्षा दीं फिर भी अनुपस्थित, मुझे माफ करना मैं नशे में हूं, रणदिवे से बड़ी लकीर जो खींचना है, सुना की नहीं विजय शाह ने...

# मलखंबा पगड़ी वाले मोदी...

संजय जैन (सह-संपादक)
942510-1357 883910-7012

गिद्ध दृष्टि


मलखंबा पगड़ी में प्रधानमंत्री मोदी

झाबुआ/इंदौर ।संजय जैन-सह संपादक। प्रधानमंत्री मोदी भोपाल आए तो उन्हें मुख्यमंत्री मोहन यादव ने जो पगड़ी पहनाई वो चर्चा में रही। मराठा राजाओं द्वारा पहनी जाने वाली यह मोपला पगड़ी थी। इसे मलखंबा पगड़ी भी कहा जाता है। इतिहास में मराठा राजाओं और योद्धाओं के बीच बेहद प्रसिद्ध रही यह पगड़ी गौरवशाली परंपरा और वीरता का प्रतीक रही है। स्थानीय भाषा में इसे मोपला भी कहा जाता है। यह पारंपरिक शैली में सिर पर कई बार लपेटी जाती है और इसका रंग आमतौर पर लाल, पीला या सफेद होता है।

## टस से मस नही हुए दिग्विजय सिंह...


दिग्विजय सिंह-पूर्व मुख्यमंत्री

जबलपुर में कांग्रेस के आयोजन जय हिंद सभा में पहुंचे दिग्विजय सिंह अपने वचन के पक्के साबित हुए। कांग्रेस के मंच पर ग्वालियर में हुई धक्का-मुक्की के बाद उन्होंने घोषणा कर दी थी कि अब से वो आम कार्यकर्ता की तरह नीचे भीड़ में ही बैठा करेंगे।जबलपुर की जय हिंद सभा में पूर्व सीएम कमलनाथ, भूपेश बघेल और सिंह भी पहुंचे थे।सिंह मंच की बजाए दर्शक दीर्घा में आम कार्यकर्ताओं के साथ बैठे। जबलपुर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व मंत्री व विधायक लखन घनघोरिया उन्हें मंच पर बैठाने के लिए मनाते रहे। उन्होंने दिग्विजय सिंह के पैर भी पकड़ लिए और मंच पर चलने का आग्रह किया लेकिन वे टस से मस नही हुए ।

## परीक्षा दीं,फिर भी अनुपस्थित...



विक्रम यूनिवर्सिटी-उज्जैन

उज्जैन की विक्रम यूनिवर्सिटी भी गजब है। रतलाम की 30 छात्राओं को एक ही विषय मे शून्य अंक दे दिए। पूरा मामला रतलाम शहर के गर्ल्स कॉलेज का है। यहां बीकॉम फाइनल ईयर में पढ़ने वाली 30 छात्राओं को इंडियन इकोनॉमिक्स के पेपर में अनुपस्थित यानी एब्सेंट बताकर शून्य अंक दे दिए। सभी छात्राओं का कहना है कि वे एक ही कमरे में बैठी हुई थी। जब परिणाम आया तो सभी उस देखकर हैरान रह गई। परेशान छात्राएं रतलाम कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में पहुंची थी, जहां अपर कलेक्टर ने कॉलेज प्रिंसिपल को तलब किया है। प्रिंसिपल वायके मिश्र ने अधिकारियों से चर्चा कर कहा की यूनिवर्सिटी के जिम्मेदारों से बात कर जल्द ही मामले को सुलझाएंगे।

## मेट्रो का श्रेय संकेत भोंडवे के खाते में......


संकेत भोंडवे -आयएएस

इंदौर मेट्रो शुरु हो गई, इसके लिये लंबे समय से एमडी कृष्ण चैतन्य आवश्यक कार्य पूरे करा रहे थे लेकिन मसूरी प्रशासनिक अकादमी में प्रशिक्षण के लिए जिन 20 से अधिकारियों के नाम फायनल हुए थे,उसमें उनका भी नाम था,लिहाजा उन्हें जाना ही पड़ा। उनकी जगह मेट्रो इंदौर-भोपाल का अतिरिक्त प्रभार आयएएस संकेत भोंडवे को मिल गया। उन्होंने इंदौर आकर व्यवस्थाएं भी देखीं, भोपाल में जब पीएम ने वर्चुअल उदघाटन किया तो वहां भी मेट्रो एमडी की हैसियत से भोंडवे मौजूद रहे।

## मुझे माफ करना, मैं नशे में हूं...

नरसिंहपुर जिले में पदस्थ कुछ उच अधिकारी अब प्रशासनिक अनुशासन को दरकिनार कर मनमानी पर उतर आए हैं। जिला प्रशासन के आदेशों को नजरअंदाज कर, ड्यूटी समय में शराब पीना और अधिकारियों के निर्देशों को खुलेआम ठुकराना अब आम होता जा रहा है।इसी लापरवाही का ताजा उदाहरण लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री अरनव गुहा का सामने आया है, जिन्होंने कलेक्टर के बुलावे पर कृषि मेले की तैयारियों की बैठक में शामिल होने से यह कहकर इनकार कर दिया कि वे शराब के नशे में हैं इसलिए मीटिंग में नहीं आ सकते।

## राजगढ़ से नीमच आईं और निलंबित...

जिला अस्पताल राजगढ़ की विवादित डॉक्टर आकांक्षा सिंह निलंबन की गाज गिरी है। आए दिन प्रसव के लिए पैसे मांगने की शिकायत से सुर्खियों में रहने वाली डॉक्टर आकांक्षा सिंह अभी एक सप्ताह पहले जिला चिकित्सालय राजगढ़ से नीमच स्थानांतरित हुई थी। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने और खुद के व्हाट्सएप स्टेटस पर अनर्गल शब्दों का प्रयोग करने पर स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त संचालक ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। डॉ. आकांक्षा सिंह का कुछ ही दिन पहले राजगढ़ से नीमच ट्रांसफर हुआ है और उसके बाद ही उन्होंने अपने वॉट्सएप पर जो स्टेटस लगाया था वह स्थानीय विधायक की ओर इशारा कर रहा है। राजगढ़ विधायक अमर सिंह यादव का कहना है राजगढ़ जिला अस्पताल में हुए घटनाक्रमों से मैंने अधिकारियों को अवगत कराया गया था। उक्त मामले में निलंबन की कार्रवाई की गई है।

## दुल्हे ने ही बैंड बजा दी...

देवास जिले में नर्मदा नदी के फतेहगढ़ घाट पर अवैध खनन कर रहे खनन माफिया के मुखबिरों को चकमा देने के लिए खनिज अधिकारी ने दूल्हे का वेश लिया और साथी अधिकारी-कर्मचारी बराती बने। कार को फूलों से सजाकर अधिकारी गणेश विश्वकर्मा ने दूल्हे की तरह पोशाक पहनी। बराती बने अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों ने सफेद कुर्ता-पायजामा और टोपी पहन कर बरातियों जैसा रूप धारण किया। कार पर बकायदा दूल्हा और दुल्हन का नाम लिखे पर्चे भी चिपकाए गए थे। खनन माफिया पर खनिज, पुलिस और प्रशासन की टीम अचानक टूट पड़ी और 10 ट्रैक्टर ट्रॉलियां जब्त कर लीं।

## जो चाहिए वो जेल में मिल जाएगा..

उजैन के भैरवगढ़ केंद्रीय जेल के अस्पताल वार्ड का एक वीडियो वॉयरल हुआ है । इसमें कैदियों को शराब, सिगरेट और ताश खेलने की सुविधा दी जा रही है । जेल वार्ड में पुलिसकर्मी बीमार कैदी को दवा के साथ-साथ शराब भी परोस रहे हैं । एसपी प्रदीप शर्मा ने सख्त कार्रवाई करते हुए ड्यूटी पर तैनात चार पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया । साथ ही, एडिशनल एसपी को सात दिनों में जांच रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए हैं ।


स्मृति ईरानी-पूर्व केंद्रीय मंत्री


विजय शाह-मंत्री

## सुना की नहीं विजय शाह ने...

पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी उजैन में बाबा महाकाल के दर्शन को पहुंची थी ।वहां मीडिया से भारतीय सेना और महिला सैन्य अधिकारियों की तारीफ में यहां तक कहा कि महाकाल का आशीर्वाद हमारे सैनिकों और पेरामिलिट्री फोर्स तक पहुंचे, जिन्होंने देश की रक्षा में अपने प्राण न्योछावर कर दिए। आज देश में महिलाएं शक्ति स्वरूपा के रूप में अपने समर्पण का प्रमाण दे रही हैं ।पता नहीं स्मृति ईरानी का सैन्य महिलाओं के प्रति यह आदरभाव मंत्री विजय शाह सुन पाए या नहीं।

## रणदिवे से बड़ी लकीर जो खींचना है...



इंदौर भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष गौरव रणदिवे ने पार्टी के लिए धन संग्रह करने की जो लकीर खींची है ,उससे बड़ी लकीर शायद ही कोई ही अध्यक्ष खींच पाए। एक बार 4.25 करोड़, दूसरी बार 6.25 करोड़ अर्थ संग्रह के साथ ही नगर की सभी विधानसभा सीटों और इंदौर लोकसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी की जीत वाली उपलब्धि भी उनके खाते में ही दर्ज है। वर्तमान अध्यक्ष तो अब तक दो नंबर के टप्पे से ही बाहर नहीं निकल पाए हैं,ऐसा साफ प्रतीत हो रहा है।

गौरव रणदिवे-भाजपा पूर्व नगर अध्यक्ष,इंदौर

संपादकीय

# चौथी तिमाही में तेज रफ्तार, लेकिन पूरे साल आर्थिक विकास सुस्त

वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी, अंतिम तिमाही (जनवरी-मार्च) में देश की आर्थिक विकास दर 7.4 फीसदी रही। बेशक यह कई अपेक्षाओं और अनुमानों से परे मानी जा सकती है, लेकिन यह अभूतपूर्व नहीं है। कुल वित्त वर्ष की विकास दर 6.5 फीसदी रही है, यह पुष्टि भारत सरकार के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने की है। यदि वस्तुओं, सेवाओं और वेल्यू एडिड के तौर पर लगाए गए करों को हटा लिया जाए, तो चौथी तिमाही की विकास दर 6.8 फीसदी रह जाएगी। विकास की गति दूसरी छमाही के दौरान तेजी से बढ़ी, अलबत्ता दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में विकास दर 5.6 फीसदी तक लुढ़क गई थी। समग्रता में देखें, तो भारतीय अर्थव्यवस्था की बढ़ोतरी 2024-25 के दौरान धीमी, मंद रही है, लिहाजा चौथी तिमाही के आंकड़ों पर गालबजाई नहीं करनी चाहिए। फिर भी भारतीय रिजर्व बैंक और विश्व की आर्थिक एजेंसियों ने 2024-25 के दौरान हमारी आर्थिक विकास दर 6.2 फीसदी से 6.4 फीसदी तक ही आंकी थी। यह दर भी विश्व में सबसे तेज अर्थव्यवस्था की ओर संकेत करती है। औद्योगिक उत्पादन के क्षेत्र में, खासकर मैन्यूफैक्चरिंग में, तेजी से गिरावट देखी गई है। 2024-25 के दौरान मार्च तिमाही में इस क्षेत्र में 4.8 फीसदी की दर से बढ़ोतरी दर्ज की गई। पिछली तिमाही में यह वृद्धि 3.6 फीसदी थी, जबकि एक साल पहले यह दर 12.3 फीसदी थी। यह चिंताजनक फासला माना जा सकता है। बीते वित्त वर्ष में कृषि क्षेत्र ने नए आयाम स्थापित किए। मौसम माकूल रहा, जलाशयों में पानी भरा रहा, किसानों को उनकी फसलों के दाम अच्छे और ज्यादा मिले, लिहाजा किसानों ने फसलों की ज्यादा बुआई की। बड़े खेतों में फसल लगाई। नतीजा यह रहा कि चौथी तिमाही में कृषि विकास दर 5.4 फीसदी रही। पूरे वित्त वर्ष की कृषि विकास दर 4.6 फीसदी रही। यह लंबे समय तक की औसतन दर से अधिक है। यह बढ़ते ग्रामीण उपभोग और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की सुखद व्याख्या करती है, लेकिन भारत के ज्यादातर किसान आज भी गरीब और कर्जदार हैं। प्रधानमंत्री मोदी इस संदर्भ में अपना वायदा अब तो पूरा करें। इस तिमाही में निर्माण क्षेत्र में 10.8 फीसदी की दर से विस्तार हुआ, हालांकि एक साल पहले इस क्षेत्र की विकास दर 8.7 फीसदी थी। खनन क्षेत्र, सेवा क्षेत्र और सार्वजनिक प्रशासन, रक्षा आदि क्षेत्रों में भी विकास दर्ज किया गया है। दरअसल 2023-24 में जीडीपी 9.2 फीसदी की दर से बढ़ी थी। विशेषज्ञों का मानना है कि सामान्य निर्यात में गिरावट और औद्योगिक गतिविधियों में सुस्ती का असर कुल अर्थव्यवस्था पर साफ दिखाई देता है। विशेषज्ञों का यह भी आकलन है कि मार्च तिमाही में अर्थव्यवस्था का मजबूत प्रदर्शन स्पष्ट करता है कि घरेलू मांग, निवेश, बचत आदि में बढ़ोतरी हुई है। अप्रैल, 2025 में 26,632 करोड़ रुपए का निवेश हुआ। यह किसी एक माह में सबसे बड़ा निवेश है। रिजर्व बैंक की ताजा रपट के मुताबिक, 2023-24 में घरेलू नेट वित्तीय बचत 5.1 फीसदी पर पहुंच गई थी, जो पिछले साल 4.9 फीसदी थी। यह आंकड़ा देश की आर्थिक सेहत के लिए सकारात्मक संकेत है। अब भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बन गया है। 2025-26 में भी भारत की आर्थिक विकास दर 6.3 फीसदी से 6.8 फीसदी तक रह सकती है। अर्थात भारत की आर्थिक शक्ति और भी बढ़ेगी और हम अपना लक्ष्य हासिल कर सकेंगे। व्यापार, होटल, परिवहन और संचार के साथ-साथ वित्तीय, रियल एस्टेट और पेशेवर सेवाओं के क्षेत्र में विकास पहले की अपेक्षा धीमी गति से हुआ है। जीडीपी डाटा स्पष्ट करता है कि पिछले साल निजी खपत 7.2 फीसदी की दर से बढ़ी है। हालांकि कुछ कंपनियों की व्याख्या भिन्न है। वे मानती हैं कि मांग में नरमी आई है

# बस्तर से नक्सलियों की विदाई : तिरंगे ने ली लाल आतंक की जगह



**नक्सलवाद शब्द की उत्पत्ति पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी गांव से हुई है। इसकी शुरुआत स्थानीय जमींदारों के खिलाफ विद्रोह के रूप में हुई, जिन्होंने भूमि विवाद को लेकर एक किसान की पिटाई की थी। यह आंदोलन जल्द ही पूर्वी भारत के छत्तीसगढ़, ओडिशा और आंध्र प्रदेश जैसे कम विकसित क्षेत्रों में फैल गया। वामपंथी उग्रवादियों (एलडब्ल्यूई) को दुनिया भर में माओवादी और भारत में नक्सलवादी के नाम से जाना जाता है।**

चार दशक से ज्यादा समय तक नक्सलवाद का शिकार रहे छत्तीसगढ़ का बस्तर जिले को अब वामपंथी उग्रवादियों (एलडब्ल्यूई) जिले की सूची से बाहर कर दिया गया है। अपने आप में ये बड़ी खबर है। दरअसल मोदी सरकार का लक्ष्य है कि मार्च 2026 तक भारत पूरी तरह से नक्सल मुक्त हो जाए। गृह मंत्री अमित शाह भी कई बार सार्वजनिक मंच से इस बात को दोहरा चुके हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अगस्त 2024 और दिसंबर 2024 में छत्तीसगढ़ के रायपुर और जगदलपुर आए थे। वे यहां अलग-अलग कार्यक्रमों में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग मंचों से नक्सलियों को चेताते हुए कहा था कि हथियार डाल दें। हिंसा करोगे तो हमारे जवान निपटेंगे। वहीं उन्होंने एक डेडलाइन भी जारी की थी कि 31 मार्च 2026 तक पूरे देश से नक्सलवाद का खात्मा कर दिया जाएगा। शाह के डेडलाइन जारी करने के बाद से बस्तर में नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन काफी तेज हो गए हैं।

नक्सलवाद शब्द की उत्पत्ति पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी गांव से हुई है। इसकी शुरुआत स्थानीय जमींदारों के खिलाफ विद्रोह के रूप में हुई, जिन्होंने भूमि विवाद को लेकर एक किसान की पिटाई की थी। यह आंदोलन जल्द ही पूर्वी भारत के छत्तीसगढ़, ओडिशा और आंध्र प्रदेश जैसे कम विकसित क्षेत्रों में फैल गया। वामपंथी उग्रवादियों (एलडब्ल्यूई) को दुनिया भर में माओवादी और भारत में नक्सलवादी के नाम से जाना जाता है। वे सशस्त्र क्रांति के माध्यम से भारत सरकार को उखाड़ फेंकने और माओवादी सिद्धांतों पर आधारित साम्यवादी राज्य की स्थापना की वकालत करते हैं। छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, बिहार, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और केरल राज्यों को वामपंथी उग्रवाद प्रभावित माना जाता है।

देश में भाजपा सरकार बनने के बाद 2015 में नक्सलवाद के खिलाफ विशेष अभियान चलाने की नीति बनाई गई। तत्कालीन गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने 8 सूत्रीय समाधान एक्शन प्लान बनाया। इसमें नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई और नक्सली इलाकों में विकास के काम एक साथ किए गए। नक्सलियों के खिलाफ राज्य सरकारों के विशेष बल, केंद्रीय सुरक्षा बलों, पुलिस ने मिलकर कार्रवाई की। इससे नक्सली घटनाओं में जबरदस्त कमी आयी।

2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने जिसे भारत की सबसे बड़ी आंतरिक सुरक्षा चुनौती कहा था, वही नक्सलवाद अब खत्म होता दिख रहा है। नक्सलियों ने नेपाल के पशुपति से आंध्र प्रदेश के तिरुपति तक एक रेड कॉरिडोर स्थापित करने की योजना बनाई थी। 2013 में लगभग 126 जिलों में नक्सली सक्रिय थे। वर्तमान में नक्सलवाद से सबसे ज्यादा प्रभावित जिलों की संख्या 12 से घटकर 6 हो गई। इनमें छत्तीसगढ़ के चार जिले- बीजापुर, कांकेर, नारायणपुर और सुकमा, झारखंड का एक जिला- पश्चिमी सिंहभूम और महाराष्ट्र का एक जिला- गढ़चिरौली शामिल है।

वर्ष 2025 में सुरक्षाबलों के ऑपरेशन में अब तक 287 नक्सली मारे जा चुके हैं। वहीं 865 ने समर्पण किया है और 830 गिरफ्तार हुए हैं। गत 21 मई को सुरक्षाबलों ने अबूझमाड़ में डेढ़ करोड़ के इनामी नंबला केशव उर्फ बसवराज को मार गिराया था। वह तीन दशक से सक्रिय था। इसे नक्सलियों का हाफिज सईद भी कहा जाता है। नक्सलियों के सरदार बसवा राजू के ढेर होने के बाद माओवादियों का हौसला पस्त हो गया है। इस बड़े एनकाउंटर के बाद दक्षिण बस्तर डिवीजन में 4 हार्डकोर नक्सलियों सहित 18 माओवादियों ने सरेंडर किया था। इसी तरह बीजापुर में 32 और तेलंगाना में 86 नक्सलियों ने सरेंडर किया था। बासव राजू की मौत के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने भी एक्स पर लिखा था कि महासचिव स्तर के बड़े नक्सली नेता को मारा गया है। इस कामयाबी को हासिल करने वाला 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' भी सुर्खियों में है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक नक्सलवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के चलते वर्ष 2025 में अब तक 90 नक्सली मारे जा चुके हैं, 104 को गिरफ्तार किया गया है और 164 ने आत्मसमर्पण किया है। वर्ष 2024 में 290 नक्सलियों को न्यूट्रलाइज़ किया गया था, 1090 को गिरफ्तार किया गया और 881 ने आत्मसमर्पण किया था। अभी तक कुल 15 शीर्ष नक्सली नेताओं को न्यूट्रलाइज़ किया जा चुका है।

वर्ष 2004 से 2014 के बीच नक्सली हिंसा की कुल 16,463 घटनाएं हुई थीं, जबकि मोदी सरकार के कार्यकाल में 2014 से 2024 के बीच हिंसक घटनाओं की संख्या 53 प्रतिशत घटकर 7,744 रह गई हैं। इसी प्रकार, सुरक्षाबलों की मृत्यु की संख्या 1851 से 73 प्रतिशत घटकर 509 रह गई और नागरिकों की मृत्यु की संख्या 70 प्रतिशत की कमी के साथ 4766 से 1495 रह गई है।

वर्ष 2014 तक कुल 66 फोर्टिफाइड पुलिस स्टेशन थे जबकि मोदी सरकार के पिछले 10 साल के कार्यकाल में इनकी संख्या बढ़कर 612 हो गई है। इसी प्रकार, 2014 में देश में 126 ज़िले नक्सल प्रभावित थे, लेकिन 2024 में सबसे अधिक प्रभावित जिलों की संख्या घटकर मात्र 12 रह गई है। पिछले 5 वर्षों में कुल 302 नए सुरक्षा कैंप और 68 नाइट लैंडिंग हेलीपैड बनाए गए हैं।

नक्सली हिंसा में 2010 में 720 नागरिक मारे गए। 2024 में मरने वालों की संख्या घटकर 131 हो गई। नक्सली हिंसा में 2010 में 1005 नागरिक और सुरक्षा बल मारे गए। 2024 में 150 नागरिक और सुरक्षा बल मारे गए। यानि कि मरने वालों की संख्या में 85 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। नक्सली आर्थिक ढांचे जैसे कि रेलवे प्रॉपर्टी, पब्लिक और प्राइवेट सेक्टर की इकाइयों, टेलीफोन एक्सचेंज, मोबाइल टॉवर, सड़क, स्कूल को निशाना बनाते रहे हैं। पर पिछले कुछ साल से इन घटनाओं में कमी आई है। 2010 में हमले की ऐसे 365 मामले थे, जो 2024 में घटकर 25 रह गए।

पिछले एक दशक में मिली सफलता का श्रेय सुरक्षा रणनीति के साथ ही विकास योजनाओं में आई तेजी को भी जाता है। सरकार ने लक्षित विकास योजनाएं चलाईं, जिनसे लोगों का भरोसा दोबारा जीता जा सका। सड़क और मोबाइल नेटवर्क जैसी बुनियादी सुविधाओं में काफी सुधार हुआ है। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के कामों ने स्थानीय लोगों के दिलों में जगह बनाई है। वहीं, 'रोशनी योजना' ने आदिवासी युवाओं को कौशल विकास और रोजगार प्राप्त करने में मदद की है।

केंद्र सरकार ने साफ कर दिया है कि वह उन मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के दबाव में नहीं आएगी, जो बंदूक उठाने वाले माओवादी उग्रवादियों का समर्थन करते हैं। पिछले एक दशक से सरकार ने माओवाद के खिलाफ एक मजबूत और बहुआयामी रणनीति अपनाई है, जो अब काफी असरदार साबित हो रही है।

# चार बच्चों के बाप कव्वाल नौशाद अली ने खुद को अमन बताकर महिला से की थी दोस्ती शिकायत पर एफ आई आर दर्ज

इंदौर- सदर बाजार थाना क्षेत्र में एक महिला ने 12 साल से जानने वाले पर नौशाद कव्वाल पर रेप, ब्लैकमेल और जबरन धर्म परिवर्तन का आरोप लगाया है।

बताया जाता है कि आरोपी नौशाद अली खान ने महिला को अपना वास्तविक नाम छिपाकर अमन नाम बताकर महिला से दोस्ती की थी। पुलिस ने गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

फर्जी नाम से की दोस्ती, फिर शादी का झांसा देकर बनाए संबंध जानकारी अनुसार पीड़िता ने बताया कि 2013 में बस यात्रा के दौरान उसकी मुलाकात आरोपी से हुई थी, जिसने खुद को अमन नाम बताया और म्यूजिक से जुड़ा बताया। दोनों में बातचीत बढ़ी और 2018 में जब महिला अकेली रहती थी, तब आरोपी ने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए।

आधार कार्ड से हुआ असली नाम का खुलासा कुछ समय बाद महिला को आरोपी का आधार कार्ड मिला, जिससे पता चला



कि उसका असली नाम नौशाद अली खान है और वह मुंबई का रहने वाला है। जब महिला ने सवाल किया तो आरोपी ने मारपीट की, जातिसूचक गालियां दीं और धर्म बदलने का दबाव बनाते हुए धमकी दी कि शादी करनी है तो इस्लाम कबूल करना होगा। महिला का आरोप है कि आरोपी ने उसके निजी फोटो वायरल करने की धमकी दी और 4-5 लाख रुपये भी ऑनलाइन ऐंठ लिए। जब वह शादी की बात करती, तो आरोपी धमकाने लगता।

31 मई को दोबारा रेप का आरोप पीड़िता के मुताबिक, 31 मई को आरोपी सरवटे बस स्टैंड पर मिला और फिर पीछा करते हुए उसके फ्लैट तक पहुंच गया। जबरन फ्लैट में घुसकर उसके साथ फिर से दुष्कर्म किया। अब महिला ने हिम्मत जुटाकर एफ आई आर दर्ज करवाई है।

बजरंग दल और गुजराती समाज का थाने पर जमावड़ा एफ आई आर दर्ज होने के बाद बजरंग दल के कार्यकर्ता और गुजराती समाज के लोग बड़ी संख्या में थाने पहुंचे और आरोपी पर सख्त कार्रवाई की मांग की। सूत्रों के मुताबिक, आरोपी नौशाद अली शादीशुदा है और उसके चार बच्चे हैं। उसकी पत्नी ने भी उसके खिलाफ दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज कराया हुआ है।

पुलिस ने एफ आई आर दर्ज कर कई धाराएं लगीं सदर बाजार थाने में नौशाद अली खान पर BNS की धारा 69, 308( 2 ), 296, 115( 2 ), 351( 3 ) और मध्यप्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 2021 की धारा 3/5 के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# माहेश्वरी समाज धूमधाम से मनाएगा आज महेश नवमी पर्व


## जिले भर में समाज स्तर पर होगे अनेक आयोजन

**विशाल बाबा नामदेव** बाग। माहेश्वरी समाज के वंशोत्पति दिवस महेश नवमी का पर्व आज माहेश्वरी समाजजन धूमधाम से मनाएंगे। इस मौके पूरे जिलभर के माहेश्वरी समाजजन अलसुबह से लेकर देर शाम तक अनेक सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन करेंगे। उक्त जानकारी देते हुए धार जिला माहेश्वरी समाजध्यक्ष नारायण लड्डा एवं जिला सचिव रोहित झंवर ने बताया कि इस बार धार जिला सभा के द्वारा धामनोद के वरिष्ठ समाजसेवी स्व-श्री रंगनाथ जी न्याति साहब पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष पाश्चिमांचल माहेश्वरी महासभा को समाज सेवा के लिए उनके मरणोपरांत महेश रत्न सम्मान पत्र से सम्मान किया जायेगा व धार जिला सभा के पूर्व अध्यक्ष एवं समाज सेवी श्री दामोदरलाल जी राठी साहब को उनके समाज सेवा के प्रति दिये गये योगदान के प्रति उन्हें% महेश श्री %सम्मान पत्र से सम्मान किया जायेगा। माहेश्वरी समाज धामनोद के 9 वरिष्ठ समाजसेवीयो का भी सम्मान जिला सभा के द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर पश्चिमांचल प्रादेशिक महासभा के पूर्व अध्यक्ष श्री राजेन्द्र जी ईनानी जो कि इस वर्ष के महेश नवमी के धार जिला प्रभारी हैं एवं पश्चिमांचल माहेश्वरी महासभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्याम विजय जी भांगडिया, अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा सदस्य प्रहलाद जी माहेश्वरी भी उपस्थित रहेंगे। यह कार्यक्रम धामनोद माहेश्वरी समाज के आतिथ्य मे संपन्न होगा।

सेवा त्याग सदाचार

# कुकड़ेश्वर नगर की पुलिस बीट प्रभारी सुस्त और चोर हो रहे हैं मस्त दिन दहाड़े चोरियों की वारदातें बंद नहीं हो रही





**राजू पटेल** कूकडेश्वर- नगर में आए दिन चोरियों की वारदात बढ़ती ही जा रही है ऐसा लग रहा है कि कुकड़ेश्वर नगर की पुलिस बीट प्रभारी सुस्त हो रहे हैं एवं नगर में चोर मस्त हो रहे हैं दिन दहाड़े चोरियों की वारदातें हो रही है,चोरिया बंद होने का नाम नहीं ले रही है। नगर वासियों का कहना है कि पूर्व के थाना प्रभारी राधेश्याम दांगी के कार्यकाल में चोरीयां बंद हो गई थी और चोरों में खौफ था उनके जाने के बाद से नगर में चोरीयां होना प्रारंभ होकर चोरों के हौसले बुलंद है जो दिनदहाड़े वारदात कर रहे है। श्री दांगी के कुकड़ेश्वर थाने से रामपुरा जाने के बाद कुकड़ेश्वर नगर के लोगो को पूर्व थानेदार राधेश्याम दांगी ओर उनकी कार्यशैली की याद ताजा होने लगी। नए थाना प्रभारी के आने के बाद निरंतर नगर में चोरियों की वारदातें होने का सिलसिला जारी है और हद तो तब हो गई जब चोरों ने दिन दहाड़े घटना को अंजाम दे दिया। बीट प्रभारी अंकित जोशी से संघर्ष सिद्धि के संवाददाता पटेल ने दूरभाष पर बात करना चाहिए लेकिन उनके द्वारा फोन नहीं उठाया गया। नीमच जिले के पुलिस कप्तान अंकित जायसवाल से नगर वासियों ने मांग की है कि आप चोरियों की वारदात पर संज्ञान लेकर कुकड़ेश्वर थाना प्रभारी को सख्त हिदायत देकर चोरिया रोकने ओर चोरियों का पता लगाने के भी निर्देश दे।

# जन संघर्ष समिति की मीटिंग हुई संपन्न



**पियूष कलोसिया तराना-** तहसील गोलना में हो रहे भ्रष्टाचार के विरुद्ध सड़क पर लड़ेंगे लड़ाई लिया निर्णय जन संघर्ष समिति की मीटिंग जो कि मांगलिक भवन में संपन्न हुई।इस मीटिंग में क्षेत्र के लोग भारी संख्या में उपस्थित हुए जिसमें सभी लोगों ने अपने-अपने विचार रखें तथा जनता के लिए संघर्ष करने की बात कही और संगठन को विस्तार देने तथा एकजुट रहने जनता के लिए संघर्ष करने के लिए तैयार रहने आदि मुद्दों पर सर्व सहमति बनी। इसी क्रम में तहसील गोलना में हो रहे भ्रष्टाचार के विरुद्ध जन संघर्ष समिति द्वारा सड़क पर लड़ाई लड़ी जाएगी तथा गोलना तहसील को नाम अनुरूप आदर्श बनवाने के लिए सतत लड़ाई लड़ेंगे तथा जनता को न्याय दिलवाएंगे गौलाना क्षेत्र की जनता,किसान तथा ग्रामीण तहसील गोलना में हो रहे भ्रष्टाचार से बहुत परेशान है उनको न्याय दिलाने की लड़ाई सड़क पर लड़ी जाएगी जन संघर्ष समिति द्वारा न्याय दिलाने के लिए हर मोर्चे पर लड़ाई लड़ी जाएगी संचालन शिवनारायण धारिया ने किया तथा आभार संजय पितले ने माना

# लोकायुक्त उज्जैन ने बटांकन के लिए रु.8000 की रिश्वत लेते हुए यशवर्धन पटवारी को रंगे हाथों पकड़ा



रतलाम, - महानिदेशक लोकायुक्त योगेश देशमुख के भ्रष्टाचार के विरुद्ध सख्त कार्यवाही किए जाने के निर्देश पर उज्जैन लोकायुक्त इकाई ने ट्रैप की कार्यवाही करते हुए आवेदक की शिकायत पर पटवारी को रु.8000 की रिश्वत लेते हुए रंग के हाथों पकड़ा है। पटवारी ने बटांकन के लिए फरियादी से 25000 की मांग की थी। रुपया नहीं देने पर बटांकन का नक्शा रोक लिया था।

**पूरा मामला यह है** मिली जानकारी के अनुसार आवेदक रतलाम ग्रामीण तहसील के ग्राम सेवरिया निवासी जितेंद्र सिंह पिता कमलसिंह ने बताया कि गांव रोज़डका में जमीन बटांकन नक्शे के लिए पटवारी यशवर्धन शर्मा को आवेदन किया था। पटवारी ने 25 हजार रुपए की मांग की थी और नहीं देने पर नक्शा नहीं दिया जा रहा था। इसके बाद पटवारी और उनके बीच 10 हजार रुपए पर बात बनी।

**आवेदक ने की लोकायुक्त को शिकायत** आवेदक ने लोकायुक्त उज्जैन में शिकायत दर्ज कराई थी। इसके साथ ही फरियादी ने पटवारी को 2 हजार रुपए पहले ही दे दिए थे बाकी की 8 हजार की राशि मंगलवार को देना तय हुआ।

**योजना बद्ध तरीके से किया गिरफ्तार** लोकायुक्त डीएसपी राजेश पाठक के नेतृत्व में टीम ने मंगलवार की दोपहर में पटवारी को पुरानी तहसील में रिश्वत की राशि लेते हुए पकड़ लिया।

लोकायुक्त ने आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधित) 2018 की धारा 7 के तहत कार्यवाही की जा रही है।

**यह शामिल है दल में** कार्रवाई करने वाले दल में निरीक्षक दीपक सेजवार, आरक्षक अनिल अटोलिया, इसरार खान, उमेश जाटव आदि थे।

# सेवा निवृत्त होकर लौटे भारतीय सेना के जवान का आठनेर में भव्य स्वागत




ब्यूरो चीफ राकेश सिंह 8226096301 आठनेर। भारतीय सेना के वीर जवान ग्राम खापा के योगेश भालेकर, जो कि 3 ईएमई सेंटर बैरागढ़, भोपाल में नियुक्त थे, अपने सैन्य जीवन की सफल सेवा पूर्ण कर आगरा से सेवा निवृत्त होकर आज अपने गृह नगर आठनेर लौटे उनकी वापसी पर क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखा गया। योगेश भालेकर ने देश सेवा में समर्पित रहते हुए अनुशासन, निष्ठा और कर्तव्यपरायणता के साथ भारतीय सेना में उल्लेखनीय योगदान दिया। परिवार और समाज से दूर रहकर उन्होंने देश की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सेना से सेवानिवृत्ति के बाद उनके आठनेर आगमन पर बस स्टैंड पर पटाखे फोड़कर और पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। क्षेत्र के सामाजिक बंधुओं एवं युवाओं ने उनका उत्साहपूर्वक अभिनंदन किया स्वागत के लिए आरसी गायकवाड़, सुखदेव तायड़े, रूपेश डोंगरे, राजेंद्र गायकवाड़, विनोद गायकवाड़, रवि मोहाड़े अजबलोखंडे, अयाज खान, आरआर खाड़े, जगदीश वागद्रे, विपिन, सुरेश बरोदे, पवन गव्हाड़े, अशोक सोनारे, परमसुख भालेकर, विशाल भालेकर, आदित्य गुजरे, संतोष धाकड़, सूरज राठौर, पवन उबनारे, पवन आकोले, लक्ष्मण नागवंशी एवम् अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओ ने सह सैनिक सम्मान पूर्वक स्वागत किया। इसके पश्चात बस स्टैंड से बाबा साहब अम्बेडकर जी की प्रतिमा तक भव्य स्वागत रैली निकाली गई योगेश भालेकर ने डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर जी की प्रतिमा के समक्ष मोमबत्ती प्रज्वलित की एवं माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। यह क्षण सभी उपस्थित लोगों के लिए अत्यंत भावुक और प्रेरणादायक रहा।
पूरा क्षेत्र आज गौरवान्वित है कि उसका एक सपूत देश सेवा कर सम्मानपूर्वक अपने गांव लौटा गांव लौटने पर ऐनखेड़ा बस स्टैंड पर ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा की पुष्प मालाओं से स्वागत किया पूरे गांव भव्य रैली निकाली गांव में घूमते हुए अपने घर लौटा सेना का जवान।

# मंदसौर पुलिस थाना वाय डी नगर की कार्यवाही 02 नाबालिग बालिकाओं को किया दस्तयाब



मंदसौर- पुलिस अधीक्षक मंदसौर अभिषेक आनंद के द्वारा गुम नाबालिग बालक बालिकाओ के दस्तयाबी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत निर्देश जिले के सभी थाना प्रभारियों को दिये गये है जिसके पालन मे कार्यवाही करते एव अति. पुलिस अधीक्षक गौतम सोलंकी एवं नगर पुलिस अधीक्षक मंदसौर सतनाम सिंह के मार्गदर्शन तथा उनि विनय बुंदेला इन्चार्ज थाना प्रभारी थाना वायडी नगर के नेतृत्व मे 02 नाबालिग बालिका को किया गया दस्तयाब । घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 02.06.2025 को 02 पृथक-पृथक सूचनाकर्ता भागीरथ पिता नंदराम गुर्जर व मदनलाल पिता पन्नालाल गुर्जर दोनो निवासी ढिकोला मन्दसौर ने अपनी - अपनी नाबालिग बालिकाओ के अपहरण होने की सूचना थाने पर दी, जिस पर से थाना वाय.डी.नगर मंदसौर पर अपराध क्रमांक 235/2025 तथा 236/2025 धारा 137(2) बीएनएस का पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना मे लिया गया । एक साथ एक ही समाज की 02 बालिकाओ का अपहरण होना एक संदेहास्पद घटना थी जिससे गाँव के सभी लोग भयभीत थे । घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारीगण भी परिजनो से रूबरू होकर थाना प्रभारी इन्चार्ज उनि विनय बुंदेला के द्वारा थाना स्तर पर उनि कपिल सौराष्ट्रीय व हरिकिशन चौधरी के नेतृत्व मे 02 टीमो का गठन किया गया । पुलिस टीमो के द्वारा तकनीकी माध्यम एवं सायबर सेल की मदद से बालिकाओ को खोजने का कार्य प्रारंभ किया गया जो एक टीम के द्वारा घटना स्थल के आस पास, रेल्वे स्टेशन, बस स्टेण्ड, कन्ट्रोल रूम आदि जगहो पर लगे सी.सी.टी.व्ही.कैमरो को खंगाला गया तथा मिली जानकारी अनुसार द्वितीय टीम को जिला उज्जैन बालिकाओ की तलाश हेतु रवाना किया गया जो वरिष्ठ अधिकारीगण का लगातार कुशल मार्गदर्शन, पुलिस एवं आम जन की सतर्कता एवं त्वरित कार्यवाही से दोनो नाबालिग बालिकाओ को उज्जैन से सकुशल दस्तयाब किया गया तथा परिजनो के सुपूर्द किया गया । बालिकाओ की सकुशल दस्तयाबी से परिजनो के द्वारा वरिष्ठ अधिकारीगणो का आभार व्यक्त किया गया ।
सराहनिय कार्य:- थाना प्रभारी इन्चार्ज उनि विनय बुंदेला, उनि कपिल सौराष्ट्रीय, उनि हरिकिशन चौधरी, सउनि पीसी चौहान, आर 57 लक्ष्मण भाटी, म.आर 154 आरती राठौर एवं थाना वायडी नगर टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

# कलेक्टर जनसुनवाई में पहुंची रास्ता विवाद की शिकायत, जिला कलेक्टर, DM श्री चंद्रा ने राजस्व अधिकारियों को दिए ये निर्देश, क्या अब होगी ताबड़तोड़ कार्यवाहियां




राजू पटेल नीमच- कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने जिले के सभी राजस्व अधिकारी रास्ता विवाद और अतिक्रमण हटाने संबंधी जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही कर, तत्काल मौके पर जाकर विवादों का निपटारा करें और मौके पर से अतिक्रमण हटवाएं साथ ही तहसीलदारों द्वारा पारित आदेश के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही कर, आदेशों का अमल सुनिश्चित करवाएं। यह निर्देश कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने जनसुनवाई करते हुए ग्राम दोबड़ के बाबूलाल पिता तुलसीराम के आवेदन पर सुनवाई करते हुए सभी राजस्व अधिकारियों को दिए।
कलेक्टर श्री चंद्रा ने निर्देश दिए, कि राजस्व अधिकारी सीमांकन के प्रकरणों का अविलंब निराकरण कर, मौके पर जाकर अतिक्रमण एवं अवैध कब्जा हटवाने की कार्यवाही करें। साथ ही रास्ता विवादों का निराकरण कर रास्ते खुलवाएं। इस मौके पर एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड़, जिला पंचायत सीईओ अमन वैष्णव, एसडीएम संजीव साहू, संयुक्त कलेक्टर डॉ.ममता खेड़े, राजेश शाह सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।
कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में जनसुनवाई करते हुए 96 आवेदकों की सुनी समस्याएं और निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में पड़दा के घीसालाल, नीमच के मो.अनीस, भाटखेड़ी के धापूबाई, भगवानपुरा नीमच सिटी के जीतु, प्रायवेट बस स्टेण्ड के पास नीमच के आदिश सगरावत, गोपालपुरा पावडा के मदनलाल, कैलाश, भारत, गौरीशंकर, जेतपुरा की प्रेमबाई, चड़ोली के जगदीश, आलोरी के हिम्मतकुमार, पड़दा की राजकुमारी, नई आबादी हरवार के मोहनलाल, हनुमंतियारावजी के प्रभुलाल, अमावली महल के रूपसिह चौहान, सावन के दीदार शाहने भी अपना आवेदन प्रस्तुत कर समस्याएं सुनाई।
इसी तरह मानपुरा के राधेश्याम धाकड़, नीमच के अख्तर बी, जीरने के अंबालाल सगराना के श्यामलाल, खेतपालिया के कारूलाल, जावद के नैनालाल, मनासा के शंभुलाल, मानपुरा के देवीलाल, पालसोड़ा के भेरूलाल, जयसिंगपुरा के नानुराम, पिपल्यारावजी के गोविंद, बिसलवास सोनीगरा के मोहनलालआदि ने अपनी समस्याओं संबंधी आवेदन जनसुनवाई में प्रस्तुत किए। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।


# 2500 रुपये की रिश्वत लेती राजीविका ब्लॉक परियोजना प्रबन्धक एसीबी के हत्थे चढ़ी



शंभूपुरा।ओम जैन शंभूपुरा। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चित्तौड़गढ़ द्वारा आज कार्यवाही करते हुए ममता माली हाल ब्लॉक परियोजना प्रबन्धक (बीपीएम) (संविदाकर्मी), कार्यालय ब्लॉक परियोजना प्रबन्धक राजीविका विभाग डूंगला, जिला चित्तौड़गढ़ को 2500 रूपये रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।
भ्रष्टाचार निरोधक ब्यरों के महानिदेशक पुलिस डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी चित्तौडगढ़ को एक शिकायत इस आशय की मिली कि कार्यालय ब्लॉक परियोजना प्रबन्धक राजीविका विभाग डूंगला जिला चित्तौड़गढ़ की ब्लॉक परियोजना प्रबन्धक ममता माली द्वारा परिवादिया को लखपति दीदी योजना एवं पशु सखी योजना में लगातार बनाये रखने एवं नहीं हटाने की एवज में 2500 रूपये रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है। जिस पर एसीबी रेंज उदयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस राजेन्द्र प्रसाद गोयल के सुपरविजन में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों चित्तौड़गढ़ के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकम सिंह के नेतृत्व में ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपिया ममता माली हाल ब्लॉक परियोजना प्रबन्धक कार्यालय ब्लॉक परियोजना प्रबन्धक राजीविका विभाग डूंगला जिला चित्तौड़गढ़ को परिवादिया को लखपति दीदी योजना एवं पशु सखी योजना में लगातार बनाये रखने एवं नहीं हटाने की एवज में राजीविका कार्यालय डूंगला में 2500 रूपये रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।आरोपी से पुछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

# पुणे में वर्ल्ड बॉडीबिल्डिंग एवं एशिया बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप के लिए टीम इंडिया का चयन



**जगदीश परमार पुणे- पुणे महाराष्ट्र में आयोजित एक कार्यक्रम में वर्ल्ड बॉडीबिल्डिंग एवं एशिया बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप के लिए मेंस एंड वूमेंस इंडियन टीम का सिलेक्शन ट्रायल आयोजित किया गया। इस ट्रायल में स्वामी मुस्कुराकर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे थे।**
**सिल्वर स्पोर्ट्स क्लब में आयोजित ट्रायल पुणे के सिल्वर स्पोर्ट्स क्लब में आयोजित इस ट्रायल में संगीत की धुन पर फिरकी मांसपेशियों का प्रदर्शन किया गया। इंडियन बॉडीबिल्डर फेडरेशन मुंबई के तत्वावधान में और महाराष्ट्र बॉडीबिल्डिंग संगठन के सहयोग से यह ट्रायल आयोजित किया गया था।**
**निर्णायक के रूप में शैलेंद्र व्यास और जितेन सिंह कुशवाहा ट्रायल में शैलेंद्र व्यास स्वामी मुस्कुराकर और पूर्व मिस्टर इंडिया सिविल सर्विसेज जितेन सिंह कुशवाहा निर्णायक के रूप में सम्मिलित हुए। उन्होंने प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया और टीम के लिए चयनित खिलाड़ियों का चयन किया।**
**वर्ल्ड बॉडीबिल्डिंग एवं एशिया बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप में सहभागिता चयनित खिलाड़ी वर्ल्ड बॉडीबिल्डिंग एवं एशिया बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप में सहभागिता करेंगे। इस चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों को अपनी मांसपेशियों और फिटनेस का प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा।**

## विमानन क्षेत्र की मांग बढ़ने पर आईएटीए महानिदेशक ने जताई खुशी, कहा-

# उड़ान की लागत में आई 40 फीसदी की कमी

**नई दिल्ली।** देश-दुनिया में विमानन क्षेत्र की मांग लगातार बढ़ रही है। यात्रियों की संख्या में भी इजाफा हो रहा है। इस पर वैश्विक एयरलाइन संघ आईएटीए के महानिदेशक विली वाल्श ने खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि लागत और कर चुनौतियां लगातार बढ़ने के बाद भी उड़ान की वास्तविक लागत एक दशक पहले की तुलना में 40 प्रतिशत कम हो गई है। इस बार हवाई यात्रियों की संख्या सालाना पांच अरब को पार कर जाने का अनुमान है। 42 साल बाद भारत में हो रही आईएटीए की वार्षिक बैठक में वाल्श ने कहा कि आपूर्ति श्रृंखला संबंधी समस्याओं के चलते एयरलाइन उद्योग की विकास दर धीमी हो गई है।



दुनियाभर की 350 से अधिक विमानन कंपनियों का प्रतिनिधित्व करने वाले अंतरराष्ट्रीय वायु परिवहन संघ का अनुमान है कि कंपनियां 979 बिलियन अमेरिकी डॉलर के राजस्व पर 36 अरब अमेरिकी डॉलर का लाभ कमाएंगी। वाल्श ने कहा कि हमारा लाभ उस विशाल मूल्य के अनुरूप नहीं है जो हम एक मूल्य श्रृंखला के केन्द्र में सृजित करते हैं जो वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के 3.9 प्रतिशत का समर्थन करती है तथा 86.5 मिलियन लोगों को रोजगार प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि भारत विश्व में सबसे तेजी से बढ़ते नागरिक विमानन बाजारों में से एक है और हवाई यातायात की मांग बढ़ रही है। जबकि हवाई किराये के बारे में चिंताएं बनी हुई हैं।

आईएटीए के महानिदेशक वाल्श ने कहा कि विमान के मामले में विनिर्माण क्षेत्र बुरी तरह विफल हो रहा है। 17000 डिलीवरी बैकलॉग का मतलब है कि ऑर्डर देने और डिलीवरी के बीच 14 साल का इंतजार। 2025 के लिए निर्धारित डिलीवरी की संख्या एक साल पहले किए गए वादे से 26 फीसदी कम है। उन्होंने कहा कि 10 वर्ष से कम आयु के 1,100 से अधिक विमान स्टॉक में हैं। यह पूरे बेड़े का 3.8 प्रतिशत है, जो कोरोना से पहले की तुलना में लगभग तीन गुना अधिक है। जबकि वार्षिक बेड़ा प्रतिस्थापन दर तीन प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि इससे राजस्व पर असर पड़ता है, क्योंकि कुछ मांग पूरी नहीं हो पाती। जबकि कमी के कारण रखरखाव और पट्टे की लागत बढ़ जाती है। यह स्वीकार्य नहीं है कि निर्माताओं का अनुमान है कि इस गड़बड़ी को सुलझाने में दशक के अंत तक का समय लग सकता है।

वाल्श ने एयरोस्पेस को व्यापार युद्धों से बाहर रखने की भी वकालत की। आईएटीए महानिदेशक ने कहा कि खराब विनियमन मूल्य को नष्ट कर सकता है तथा सामर्थ्य के रास्ते में बाधा उत्पन्न कर सकता है। किसी भी विनियमन के लिए लिटमस टेस्ट लागत-लाभ विश्लेषण है। हम इसे नियामकों की तुलना में अधिक गंभीरता से लेते हैं। वे अपने स्वयं के पैसे के साथ नहीं खेल रहे हैं और राजनीतिक सफलता और समस्या को हल करने के बीच का अंतर अक्सर बहुत बड़ा होता है।

विमान सुरक्षा को लेकर वाल्श ने कहा कि पिछले छह साल में हादसों की आधी से भी कम जांचों की अंतिम रिपोर्ट प्रकाशित की गई है। हादसों की रिपोर्ट से जानकारी का अभाव सुरक्षा के अवसरों की हानि है। पिछले वर्ष 40.6 मिलियन उड़ानों में से सात घातक दुर्घटनाएं हुईं तथा 4.8 अरब यात्रियों में 244 लोगों की मृत्यु हुई। वाल्श ने कहा कि पिछले 12 महीनों में संघर्ष क्षेत्रों में दो नागरिक विमान गिराए गए। सैन्य अभियानों में नागरिक विमानों वाले कई हवाई अड्डों पर बमबारी की गई। संघर्ष क्षेत्रों के निकट नेविगेशन प्रणालियों में हस्तक्षेप की घटनाओं में तेजी से वृद्धि हुई।

## भारतीय अर्थव्यवस्था 2047 तक 30,000 अरब अमेरिकी डॉलर के करीब होगी: अमिताभ कांत

**नई दिल्ली:** जी-20 के शेरपा अमिताभ कांत ने सोमवार को कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था फिलहाल चार हजार अरब डॉलर की है और 2047 तक इसके 30 हजार अरब डॉलर के करीब पहुंचने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि देश को युवा आबादी का भी लाभ मिलेगा। अंतरराष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (आईएटीए) के राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित एक सत्र में उन्होंने यह बात कही।

कांत ने कहा, ''अधिक युवा आबादी है। दुनिया के पश्चिमी हिस्से की अधिकतर आबादी बुजुर्ग हो रहा है और जापान की (अधिकतर आबादी) पहले ही बूढ़ी हो चुका है, यहां तक कि चीन की (अधिकतर आबादी) भी बूढ़ी हो रही है। भारत की अधिकतर आबादी की उम्र सिर्फ 28 वर्ष साल है और जब हमारे देश को (आजाद हुए) 100 साल हो जाएंगे, तब भी औसत आयु 35 वर्ष होगी। उन्होंने कहा कि 2047 में देश की अर्थव्यवस्था 30,000 अरब अमेरिकी डॉलर के करीब होगी। देश 4,000 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था है और हाल ही में दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।

कांत ने टिकाऊ शहरीकरण पर जोर देते हुए कहा कि देश में करीब 50 लाख लोग शहरीकरण की प्रक्रिया में शामिल होंगे और भारत में 500 नए शहर बनाने की जरूरत होगी। उन्होंने कहा, '' आपको अगले पांच दशक में दो नए अमेरिका बनाने की जरूरत है। आपको भारत में हर पांच साल में एक शिकॉगो (अमेरिका का शहर) बनाने की जरूरत है। यही भारत के लिए चुनौती है। कांत ने साथ ही कहा कि भारत 400 हवाई अड्डे बनाने की महत्वाकांक्षा रखता है। देश में अभी 150 से अधिक चालू हवाई अड्डे हैं।

उन्होंने कहा, ''आपको बेहतरीन हवाई अड्डों, बेहतरीन विमानन कंपनियों की जरूरत है, आपको लंबी दूरी की उड़ानें संचालित करने की जरूरत है... इंडिगो और एयर इंडिया को अपने बड़े आकार के विमानों के साथ अमीरात, कतर एयरवेज के साथ प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए... हम बाजार में प्रतिस्पर्धा करने में विश्वास करते हैं।

# सिंधू और सात्विक-चिराग की जोड़ी दूसरे दौर में, सेन और प्रणय इंडोनेशिया ओपन से बाहर

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी ने मंगलवार को यहां इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के प्रीक्वार्टर फाइनल में जगह बनाई लेकिन लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। सिंधू ने महिला एकल में अपनी चिर प्रतिद्वंद्वी जापान की नोजोमी ओकुहारा को एक घंटे 19 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में 22-20, 21-23, 21-15 से हराया। अब राउंड 16 में उनका सामना थाईलैंड की छठी वरीयता प्राप्त पोर्णपावी चोचुवोंग से होगा। सिंधू ने मैच के बाद कहा, पहले दौर में जीत हासिल करना महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे निश्चित तौर पर मेरा हौसला बढ़ेगा। मैं पहले दौर में हारती रही हूं, इसलिए इस तरह के मैच जीतना मेरे लिए बहुत उपयोगी और महत्वपूर्ण है। सेन ने एक घंटे और पांच मिनट तक चले पुरुष एकल मुकाबले में दुनिया के नंबर दो खिलाड़ी चीन के शि यू क्यू से 11-21 22-20 15-21 से हारने से पहले कड़ी





चुनौती पेश की। भारत के इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने पीठ की चोट से उबरकर वापसी की। चोट के कारण वह पिछले सप्ताह मलेशिया ओपन में मैच के बीच से हट गए थे लेकिन यहां उन्होंने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया। पहला गेम आसानी से गंवाने और दूसरे गेम में 11-17 से पीछे होने के बाद सेन ने जोरदार वापसी की। उन्होंने एक मैच प्वाइंट बचाया और 22-20 से गेम जीतकर मुकाबला निर्णायक गेम तक खींच दिया। लेकिन इसके बाद वह अपनी लय बरकरार नहीं रख पाए। पुरुष एकल में एचएस प्रणय भी इस 1,450,000 डॉलर इनामी टूर्नामेंट से बाहर हो गए। उन्हें इंडोनेशिया के अल्वी फरहान से 17-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा। फिर सात्विक और चिराग की पुरुष युगल जोड़ी ने इंडोनेशिया के लियो रॉली कार्नांडो और बागास मौलाना को 67 मिनट तक चले पहले दौर के मुकाबले में 18-21 21-18 21-14 से हराकर राउंड 16 में जगह बनाई। सिंधू और ओकुहारा के बीच गलतियों से भरा मैच रोमांचक रहा, जिसमें काफी गेम प्वाइंट और मैच प्वाइंट मिले। सिंधू ने पहला गेम 22-20 से जीता। भारतीय खिलाड़ी ने इस दौरान एक गेम प्वाइंट बचाया और महत्वपूर्ण क्षणों में आक्रामक शॉट लगाए। दूसरे गेम में सिंधू ने शुरुआत में दो अंकों की मामूली बढ़त हासिल की, लेकिन इंटरवल तक वह 7-11 से पीछे थीं। उन्होंने वापसी की और जोरदार क्रॉस-कोर्ट स्मैश के साथ दो मैच प्वाइंट हासिल किए, लेकिन सिंधू ने लगातार गलतियां की जिसका फायदा उठाकर ओकुहारा 20-20 से बराबरी पर आ गईं। जापानी खिलाड़ी ने आखिरकार दूसरा गेम 23-21 से जीत लिया। निर्णायक गेम में ब्रेक तक सिंधू 11-9 से आगे थीं और फिर उन्होंने लगातार विनर्स लगाते हुए आठ मैच प्वाइंट हासिल किए और पांचवें मैच प्वाइंट को भुनाकर अगले दौर में प्रवेश किया। सिंधू महिला एकल के अगले दौर में जगह बनाने वाली एकमात्र भारतीय खिलाड़ी रही। अब उनका मुकाबला थाईलैंड की छठी वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचिवोंग से होगा। मालविका बंसोड़ इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वर्दानी के खिलाफ महिला एकल मैच के बीच में ही रिटायर हो गईं। भारतीय खिलाड़ी जब 21-16 16-15 से आगे चल रही थीं तब वह कोर्ट पर फिसलने के कारण चोटिल हो गई और उन्हें कोर्ट छोड़ना पड़ा। अनुपमा उपाध्याय कोरिया की किम गा इयुन से सीधे गेम में 15-21, 9-21 से जबकि रक्षिता रामराज थाईलैंड की सुपानिडा से 21-14, 15-21, 12-21 से हार गईं।

## गुकेश ने जबरदस्त वापसी कर एरिगैसी को भी हराया....

### कार्लसन के बाद हमवतन पर दर्ज की पहली क्लासिकल जीत

विश्व चैंपियन डी गुकेश ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में जबरदस्त वापसी की है। उन्होंने दिग्गज मैग्नस कार्लसन को हराने के बाद के सातवें दौर के मुकाबले में हमवतन अर्जुन एरिगैसी को हरा दिया। इन दोनों के खिलाफ गुकेश को शुरुआत में हार मिली थी। अब उन्होंने जबरदस्त पलटवार किया है। यह गुकेश की एरिगैसी पर क्लासिकल चेस में पहली जीत है। लगातार जीत से 19 साल के इस भारतीय खिलाड़ी ने अंक तालिका में कार्लसन को पछाड़ दिया है और वह फैबियानो कारूआना के बाद दूसरे स्थान पर आ गए हैं। कारुआना ने एक अन्य मैच में वेई यी को मात दी थी।





गुकेश एक वक्त इस टूर्नामेंट में अंक तालिका में पांचवें स्थान पर चल रहे थे। अब लगातार दो जीत ने उनका दावा मजबूत कर दिया है। गुकेश की वापसी किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। एरिगैसी से उनकी टक्कर रोमांचक रही। अर्जुन ने शुरुआत में मुहरों की ऐसी चाल चली की गुकेश मैच में कहीं नहीं दिखे। एरिगैसी गुकेश पर एक और कमांडिंग जीत के लिए तैयार दिखे। गुकेश की एक गलती से वहां मौजूद कई विश्लेषकों को लगा कि विश्व चैंपियन खिलाड़ी ने लगभग मैच को गंवा ही दिया है।

हालांकि, गुकेश ने कार्लसन के खिलाफ मैच की तरह ट्रेडमार्क वापसी की और सामरिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बढ़ते दबाव में उन्होंने धीरे-धीरे सटीक गणना और मजबूत डिफेंस के साथ खेल में वापसी की। एक रोमांचक मोड़ पर गुकेश ने एरिगैसी को मिली बढ़त को बेअसर कर दिया। साथ ही गुकेश ने मैच में पेस बनाना शुरू किया। ऐसा ही उन्होंने कार्लसन के खिलाफ किया था। इससे एरिगैसी पर समय का दबाव बनता गया।

जैसे-जैसे समय की परेशानी बढ़ती गई, एरिगैसी की चालों ने गुकेश को वापसी का पर्याप्त मौका दिया।

## नोवाक जोकोविच ने नूरी को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, फ्रेंच ओपन में दर्ज की 100वीं जीत

सर्बिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए वर्ष के दूसरे ग्रैंडस्लैम फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। जोकोविच ने सोमवार को चौथे दौर में कैमरन नूरी को हराया जो उनकी रोलां गैरों पर करियर की 100वीं जीत है। 25वें ग्रैंडस्लैम की तलाश में जुटे जोकोविच ने नूरी को 6-2, 6-3, 6-2 से हराया।

**नडाल की सूची में हुए शामिल**

जोकोविच अपने 24 ग्रैंडस्लैम खिताब में से तीन रोलां गैरों में जीत चुके हैं और उन्होंने क्वार्टर फाइनल तक पहुंचने के दौरान एक भी सेट नहीं गंवाया। सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए उनका सामना तीसरे वरीय एलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा। जोकोविच स्पेन के राफेल नडाल के बाद फ्रेंच ओपन में 100वीं जीत दर्ज करने वाले दूसरे खिलाड़ी हैं। नडाल ने रोलां गैरों पर 112 मैच जीते हैं। गत चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने पुरुष एकल के तीसरे दौर में बेन शेल्टन को शिकस्त देकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, जबकि महिला वर्ग में एलिना स्वितोलिना ने पिछले साल की उपविजेता जैस्मिन पाओलिनी को पराजित किया।

# कलेक्टर द्वारा जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों के तत्काल निराकरण के निर्देश दिए

## कलेक्टर द्वारा एक आवेदक को 15 हजार, दो आवेदक को 10-10 हजार एवं एक आवेदक को 5 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई

**जनसुनवाई में आये आवेदक को कलेक्टर ने दी इलेक्ट्रिक ( बैटरी ) ट्राइसाइकिल**

**संजय जैन जिला ब्यूरो झाबुआ,** कलेक्टर नेहा मीना द्वारा मंगलवार को जिला मुख्यालय पर जनसुनवाई ली गई। जनसुनवाई में आये आवेदक को कलेक्टर ने दी इलेक्ट्रिक (बैटरी) ट्राइसाइकिल कलेक्टर नेहा मीना द्वारा आवेदक भेरुसिंह पिता रतन सिंह मैडा निवासी चारणपुरा तहसील पेटलावद जिला झाबुआ को एडिप योजना अंतर्गत इलेक्ट्रिक (बैटरी) ट्राइसाइकिल भेंट की गई। जनसुनवाई में आवेदक द्वारा विभिन्न कार्यों के सम्पादन हेतु मोट्रेड ट्राई सिकल की मांग की गयी थी, जिसे कलेक्टर नेहा मीना ने आवेदक को भेंट किया।

**कलेक्टर द्वारा आवेदकों को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई** आवेदक लालु पिता विजिया सिंगाड़िया निवासी ग्राम मोजीपाड़ा तहसील झाबुआ द्वारा बताया गया कि आवेदक के परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है एवं परिवार का भरण पोषण करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आवेदक ने कलेक्टर के समक्ष उपस्थित होकर आर्थिक सहायता हेतु आवेदन किया। कलेक्टर द्वारा आवेदक को 15 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई।

आवेदिका श्रीमती सुनीता सुरेश मकोदिया निवासी ग्राम गेहलर बड़ी तहसील झाबुआ एवं आवेदक विजेश पिता रसु गणावा निवासी ग्राम पिपलखुटा तहसील मेघनगर ने कलेक्टर के समक्ष उपस्थित होकर आर्थिक सहायता हेतु आवेदन किया। कलेक्टर द्वारा आवेदक को 10-10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई। आवेदक लालु पिता भल्लु बिलवाल निवासी ग्राम झकेला तहसील रामा ने कलेक्टर के समक्ष







उपस्थित होकर आर्थिक सहायता हेतु आवेदन किया। कलेक्टर द्वारा आवेदक को 5 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई।

**आवेदनों के तत्काल निराकरण के निर्देश दिए** आवेदक ग्राम सेमलखेड़ी द्वारा बताया गया कि ग्राम सेमलखेड़ी के बामनिया एवं परमार फलिया में पीने के पानी की सुविधा नहीं होने के कारण पानी पीने की परेशानी हो रही है, नवीन हेंडपम्प खनन करवाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया। आवेदक श्री मुकेश पिता नराण डामर निवासी जामली तहसील पेटलावद जिला झाबुआ द्वारा बताया गया कि प्रार्थी के मकान जल जाने के बाद, प्रार्थी के जले मकान के प्लाट पर जबरन कब्जा जताने और मकान निर्माण करने तथा प्रार्थी को जमीन से बेदखल करने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया। आवेदक समस्त ग्रामवासी खेड़ा के माता फलिया तहसील रामा जिला झाबुआ द्वारा बताया गया कि पूर्व में लगी विद्युत डीपी खराब होने से नवीन विद्युत डीपी लगाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया। आवेदक लालु पिता दल्ला निनामा निवासी ग्राम लालारुंडी तहसील पेटलावद जिला झाबुआ द्वारा बताया गया कि प्रार्थी के नाम से राजस्व रिकार्ड में कृषि भूमि दर्ज है, सीमांकन एवं बंटवारा भी हो गया है। विपक्षी द्वारा प्रार्थी को फसल नहीं बोने देने दे रहा है, कार्यवाही करने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया। कलेक्टर नेहा मीना द्वारा सम्बंधित अधिकारियों को समस्याओं को समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। इस प्रकार विभिन्न विभागों से संबंधित जनसुनवाई में कुल 67 आवेदन आए। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जितेन्द्र सिंह चौहान, समस्त विभाग के जिला अधिकारी एवं तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

### प्रदेश के स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत जिला जनपद में पदस्थ संविदा कर्मचारियों को चार माह से नहीं मिला मानदेय.....

लंबित भुगतान होने से कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति बिगड़ी....

संतोष शर्मा बैरसिया 8878686878- देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सबसे महत्वाकांक्षी योजना स्वच्छ भारत मिशन( ग्रामीण) अंतर्गत मध्य प्रदेश के संविदा कर्मचारियों का मानदेय विगत चार माह से राज्य कार्यालय द्वारा नहीं किया जा रहा है। राज्य कार्यालय द्वारा मौखिक रूप से पोर्टल की तकनीकी समस्या बताई जाती है। इससे जिला और जनपद के कर्मचारी का मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। जबकि राज्य मे पदस्थ कर्मचारियों का मानदेय का भुगतान नियमित रूप से किया जा रहा है । जिससे जिला एवं जनपद में पदस्थ कर्मचारियों को आर्थिक तंगी को लेकर परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है जैसे मकान की ईएमआई , बच्चो की फीस,परिवार के सदस्यों के अति आवश्यक मेडिकल खर्चे , खान-पान के खर्च। कर्मचारियों का कहना है कि ऐसी स्थिति में आर्थिक परिस्थिति बिगड़ने से आहत् होकर भविष्य में घटना दुर्घटना घटित होने की संभावना है। जिले एवं जनपद में पदस्थ कर्मचारियों ने अपने जिले के कलेक्टर और मुख्य कार्यपालन अधिकारी के माध्यम से भी प्रमुख सचिव महोदया एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को अवगत कराया लेकिन आश्वासन देने के बाद भी मानदेय भुगतान के संबंध में कोई भी कार्यवाही नहीं की गई है। कर्मचारियों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा है कि यदि एक सप्ताह में मानदेय भुगतान नहीं होता है तो मुख्यमंत्री , मुख्य सचिव एवं पंचायत मंत्री के समक्ष अपनी मांग रखेंगे ।साथ ही अब घर खर्च चलाने के लिए घर में रखे जेवरों को गिरवी रखना पड़ रहा है।

सीएम हेल्पलाइन पर शिकायतों का अंबार...

कर्मचारियों का कहना है कि ससीएम हेल्पलाइन में सौ दिवस से अधिक प्रकरण लंबित है जिनका भुगतान नहीं हो पाया है जिसके कारण हितग्राहियों द्वारा सीएम हेल्पलाइन पर प्रोत्साहन राशि हेतु लगातार फोन किया जाता है एवं राज्य मुख्यालय द्वारा भी शिकायतें संतुष्टि पूर्वक बंद करने के लिए दबाव बनाया जाता है ऐसी स्थिति में कार्य करने में अत्याधिक असुविधा के साथ कर्मचारियों को मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मुख्यालय से अभी तक नहीं मिला कोई जवाब.. कर्मचारियों का कहना है कि बार-बार राज्य मुख्यालय से संपर्क करने के बाद भी कोई भी संतोषजनक उत्तर प्राप्त नहीं हो रहा है राज्य मुख्यालय द्वारा प्रशासनिक मद से आरटीजीएस कर सभी कर्मचारियों के द्वारा अपना मानदेय लगातार प्राप्त किया जा रहा है परंतु शासन के द्वारा निचले स्तर पर पदस्थ कर्मचारियों की कोई सुध नहीं ली जा रही है। ऐसे में प्रधानमंत्री की महत्वपूर्ण योजना स्वच्छ भारत मिशन में पदस्थ कर्मचारियों के बदहाल स्थिति के जिम्मेदार उच्चस्तर पर बैठे अधिकारियों को कोई भी मतलब नहीं है , सिर्फ कार्य करने के लिए प्रेशर बनाया जा रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि इस बारे में मेल के माध्यम से भी सभी विभाग के अधिकारियों को बार-बार अवगत कराया जा रहा है यदि समय सीमा में विगत चार माह का मानदेय भुगतान नहीं किया गया तो ऐसी स्थिति में यदि किसी भी अधिकारी कर्मचारी के द्वारा कोई ठोस कदम उठाया जाता है तो उसके लिए शासन जिम्मेदार होगा।

# जिले के दो थाना क्षेत्रों में खाटला बैठक ली गई

## खाटला बैठक के माध्यम से जन जागरूकता किया जा रहा प्रयास

**अलीराजपुर पुलिस द्वारा अभियान के रूप मे चलाया जा रहा खाटला बैठक अभियान**

**आशीष वाणी/संजय राठौड़ अलीराजपुर** - पुलिस अधीक्षक अलीराजपुर राजेश व्यास के नेतृत्व एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रदीप पटेल के मार्गदर्शन में अलीराजपुर जिले के आदिवासी अंचलों में व्याप्त सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन, साइबर सुरक्षा तथा जन-जागरूकता हेतु खाटला बैठक जैसे लोकसंवादी माध्यमों का सफलतापूर्वक प्रयोग किया जा रहा है।

इसी क्रम में दिनांक 03 जून को थाना बखतगढ के ग्राम आकडीया एवं थाना उदयगढ के ग्राम खण्डालाराव क्षेत्रान्तर्गत थाना प्रभारियों के नेतृत्व में खाटला बैठक आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणजन, महिला-पुरुष, जनप्रतिनिधि एवं समाज के अन्य सम्माननीय नागरिक उपस्थित हुए। बैठक का मूल उद्देश्य ग्रामीण समाज को उन बुराइयों एवं अपराधों के प्रति जागरूक करना था, जो परंपरा, अज्ञानता या तकनीकी अशिक्षा के कारण अब भी समाज में मौजूद हैं।

**खाटला बैठक के मुख्य बिंदु एवं संदेश-**

**नशा मुक्ति एवं नैतिक जागरूकता-** ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे शराब, तंबाकू व अन्य मादक पदार्थों से दूरी बनाए रखें, क्योंकि ये न केवल स्वास्थ्य को हानि पहुंचाते हैं, बल्कि पारिवारिक और सामाजिक विघटन का कारण भी बनते हैं।

**युवा वर्ग की दिशा निर्धारण पर विशेष बल-** खाटला बैठक के दौरान बताया कि वर्तमान में कुछ युवा मोबाइल की लत, नशा एवं दोपहिया वाहन के अंधाधुंध प्रयोग के चलते अपराधों की ओर आकर्षित हो रहे हैं, जिससे अभिभावकों को बाद में कानूनी एवं सामाजिक संकटों का सामना करना पड़ता है। माता-पिता की जिम्मेदारी है कि वे अपने बच्चों पर नजर रखें, उनकी संगत जानें और समय पर संवाद के माध्यम से उन्हें समझाये।

**महिला सम्मान एवं बाल संरक्षण-** समाज में महिलाओं के प्रति सम्मानजनक व्यवहार, बाल विवाह के खिलाफ चेतना और बच्चों की शिक्षा को प्राथमिकता देने का संदेश प्रमुखता से दिया गया।

**सामाजिक कार्यक्रमों में अनुशासन-** उत्सवों एवं सामाजिक आयोजनों में डीजे, शराब आदि पर अनावश्यक व्यय की आलोचना करते हुए अपील की गई कि ग्रामीण ऐसे खर्चों से बचें और सादगीपूर्ण व मर्यादित आयोजन करें।

**बाल विवाह-** खाटला बैठक में बाल विवाह से उत्पन्न होने वाले स्वास्थ्यगत, सामाजिक व मानसिक दुष्परिणामों की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। साथ ही पुलिस द्वारा यह अपील की गई कि समाज में व्याप्त इस प्रकार की कुप्रथाओं का सभी मिलकर विरोध करें एवं किशोरावस्था में विवाह रोकने में प्रशासन का सहयोग करें।





**साइबर सुरक्षा एवं मोबाइल उपयोग-** वर्तमान डिजिटल युग में मोबाइल फोन, सोशल मीडिया, फर्जी ऐप्स, साइबर ठगी और डिजिटल अरेस्ट जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। खाटला बैठक में उपस्थितजनों को साइबर अपराधों से बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ भी प्रदान की गईं। विशेष रूप से यह समझाया गया कि ''डिजिटल अरेस्ट'' नामक कोई वैधानिक प्रक्रिया अस्तित्व में नहीं है। यदि किसी व्यक्ति द्वारा मोबाइल/फोन के माध्यम से खुद को पुलिस अधिकारी बताकर पैसे की माँग की जाए, धमकाया जाए, टॉवर लगाने या नौकरी दिलाने के नाम पर पैसे मांगे जाएँ तो ऐसे मामलों में आमजन तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचना दें। ऐसे साइबर ठगी से बचाव हेतु सतर्क रहना अति आवश्यक है।

**यातायात नियमों का पालन-** इसके अतिरिक्त बैठक में सड़क सुरक्षा नियमों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बताया गया कि बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाना, शराब के प्रभाव में वाहन चलाना एवं बिना वैध दस्तावेजों के वाहन संचालन न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि यह दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण भी है। आमजन से आग्रह किया गया कि वे स्वयं एवं अपने परिजनों की सुरक्षा हेतु यातायात नियमों का पूर्णतः पालन करें।

**सरकारी जनकल्याण योजनाओं की जानकारी-** बैठक में मध्यप्रदेश शासन द्वारा चलाई जा रही जन हितैषी योजनाओं, जैसे मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना, शिक्षा प्रोत्साहन योजनाएं, स्वास्थ्य सेवाएं आदि की भी जानकारी साझा की गई, जिससे ग्रामीण सीधे लाभ ले सकें।

**जनभागीदारी से अपराध नियंत्रण-** सभी नागरिकों से अनुरोध किया गया कि यदि गांव या आसपास किसी प्रकार की असामाजिक गतिविधि, शंका योग्य व्यक्ति, या अपराधिक सूचना हो, तो तत्काल पुलिस को अवगत कराएं। समय पर मिली सूचना से अपराध की रोकथाम व त्वरित निराकरण संभव होता है।

खाटला बैठक के अंत में उपस्थित जन समुदाय से संवाद कर उनके ग्राम मे किसी भी प्रकार की कोई अपराधिक गतिविधि के संबंध मे चर्चा की गई तथा उपस्थित ग्रामीणों को यह विश्वास दिलाने का प्रयास किया, कि पुलिस आमजन की सेवा व सुरक्षा हेतु सदैव तत्पर है। समाज में शांति, सुरक्षा एवं सद्भाव कायम रखने के लिए पुलिस व जनता के बीच सद्भावपूर्ण सहयोग अत्यंत आवश्यक है।

आयोजित खाटला बैठकों मे स्थानीय ग्रामीणजन, महिला-पुरुष, जनप्रतिनिधि एवं समाज के अन्य सम्माननीय नागरिक के अतिरिक्त थाना प्रभारी बखतगढ निरीक्षक संतोष सिसौदिया, थाना प्रभारी उदयगढ निरीक्षक ब्रजभूषण हीरवे सहित थानों का पुलिस स्टॉफ उपस्थित था।

पुलिस अधीक्षक अलीराजपुर राजेश व्यास ने बताया कि, अलीराजपुर पुलिस के द्वारा खाटला बैठक को अभियान के रूप मे चलाया जा रहा है तथा पुलिस द्वारा ग्रामीणों के मध्य संवाद स्थापित किया जाकर जन जागरूकता का प्रयास किया जा रहा है, साथही हाल ही में ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित सामाजिक कार्यक्रमों के दौरान आग्नेय शस्त्रों से फॉयर करने की घटना कारित हुई है, जिसके संबंध में भी ग्रामीणजनों से अलीराजपुर पुलिस के द्वारा अपील की जा रही है, कि किसी भी प्रकार के आग्नेय शस्त्रों का प्रयोग सामाजिक कार्यक्रमों में न किया जाकर किसी भी प्रकार की संभावित जनहानि से बचा जा सके।

प्रकाशक, मुद्रक धवन माहेश्वरी, मालिक गजेन्द्र माहेश्वरी द्वारा उदयरत्न ऑफसेट, I0/2, दारू गोडाउन के आगे, आगर रोड़, उजैन (मध्यप्रदेश) से मुद्रित, 190, विधापति नगर, नानाखेड़ा, उजैन (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित
संपादक :शानू माहेश्वरी, ( 9754776006, 7974826006, 8643056464,9575154444) समाचार पत्र में प्रकाशित प्रत्येक समाचार के लिए प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों के निपटारे हेतु न्यायालय क्षेत्र उज्जैन ही रहेगा । समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। कानूनी सलाहकार तनुज दीक्षित (अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट) ।